# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg.No. - CHHHIN / 2009/36148
डाक पंजीयन क्र. - 49 / रायगढ़ / C.G./2021-2023

वर्ष - 14 ■ अंक - 94 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 05 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

www.cgfrontline.com


## संवैधानिकता से परे सदन में बनाया तानाशाही माहौल-आदित्येश्वर

### राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने को लेकर जिपं उपाध्यक्ष ने की पत्रकारों से चर्चा

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करना भाजपा का तानाशाही रवैया है, जो लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। राहुल गांधी ने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अडानी के रिश्ते और सेल कंपनी में 20 हजार करोड़ कहां से आए, सवाल पूछा और जांच की मांग की, यह केंद्र सरकार को नागवार गुजरा और उन्होंने बिजली की रफ्तार में जैसे न्यायालय का फैसला आया, 24 घंटे के अंदर राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द करवा दी। उक्त बातें राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कही। उन्होंने कहा जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिले भर से पोस्टकार्ड भेजकर तीन सवाल पूछे जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि देश के इतिहास में पहली बार मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट ने राहुल गांधी के विरुद्ध अधिकतम दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके आधार पर उनकी संसद सदस्यता को समाप्त कर दिया गया, उनसे सरकारी आवास भी खाली करने कह दिया गया। मोदी सरकार ने सवाल का जवाब तो नहीं दिया, उल्टे राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण से अडानी घोटाले के महत्वपूर्ण अंश और राहुल गांधी के भाषण को लगभग पूरी तरह से संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया। संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग में भारत के इतिहास में पहली बार एक सत्तारूढ़ पार्टी के भाजपा संसद को बाधित करने का काम किया गया। यह अडानी को बचाने व ध्यान भटकाने की साजिश है, जबकि संयुक्त विपक्ष इस पर जेपीसी चाहता था। भाजपा यह रवैया तानाशाह होना दिखाता है। कोई उनसे प्रश्न ना पूछे इसलिए ऐसा किया गया। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह की शुरूआत की है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को विस्तार से बताते हुए कहा राहुल गांधी द्वारा देश में निकाली गई चार हजार किलोमीटर पदयात्रा के बाद लोगों में उनके प्रति और अधिक विश्वास पैदा हुआ है। पत्रकारों से चर्चा दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा बंटी, अनूप मेहता, विकल झा, नितिश चौरसिया, निक्की खान सहित अन्य उपस्थित थे।



#### मुझे पता नहीं, कहां उठा धुआं-आदित्येश्वर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व आदित्येश्वर के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने की अटकलों पर पूछे गए एक सवाल पर यह कहना कि धुंआ उठा है तो कहीं ना कहीं आग लगी होगी, पर आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि कहां आग लगी है मुझे नहीं मालुम। उन्होंने कहा कि उन्हें भी अक्सर यह सुनने को मिलता है कि उनके पार्टी बदलने की बात हो रही है, पर उनकी कांग्रेस कार्यालय में उपस्थिति इसे स्पष्ट कर रहा है। आदित्येश्वर ने कहा कि वे आगामी चुनाव में टीएस सिंहदेव के मार्गदर्शन में पार्टी के लिए कार्य करेंगे।

#### चिरगा प्लांट को लेकर कहा-ग्राम सभा सर्वोपरि

चिरगा प्लांट को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार किए जा रहे विरोध के सवाल पर आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि गांव के लोगों की बातों को प्राथमिकता से सुनना चाहिए। ग्राम सभा के पास इसके लिए प्र्याप्त अधिकार है। उन्होंने ग्रामीणों के समर्थन में अब तक वहां नहीं जाने की बात को स्वीकारते हुए कहा कि अगर ग्रामीणों की ओर से किसी प्रकार का दबाव बनाने या ऐसी कोई बात सामने आएगी, तो वे जरूर जाएंगे। महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार निर्माण के परिप्रेक्ष्य में मां महामाया मंदिर प्रवेश द्वारा निर्माण समिति के द्वारा पांच अप्रैल को निकाली जाने वाली यात्रा व सामान्य सभा के दिन निगम के जनप्रतिनिधियों के घेराव के सवाल पर उन्होंने कहा आस्था के साथ किसी प्रकार की राजनीति उचित नहीं है।

#### मोदी मुंह से ताला खोलो, अडानी पे कुछ तो बोलो

भारत के प्रधानमंत्री के नाम एक पोस्टकार्ड कांग्रेसजन भेजने की तैयारी में हैं। इसमें टिकट की जगह नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक फोटो लगा है, जिसके नीचे लिखा है मोदी मुंह से ताला खोलो, अडानी पे कुछ तो बोलो। वहीं प्रिय प्रधानमंत्री मोदी, संबोधित करते हुए उल्लेखित है कि चूंकि हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि संसद में ये प्रश्न नहीं पूछ सकते हैं, हम आपसे सीधे पूछ रहे हैं। प्रश्न है-अडानी ने अब तक बीजेपी को कितने करोड़ का फंड दिया है? आपके आधिकारिक विदेशी दौरों के बाद अडानी को कितने ठेके मिले? कृपया हमें वह सूत्र भी बताएं, जिसकी बदौलत आपका प्रिय मित्र दुनिया में 609वें स्थान से आठ वर्षों में दूसरा धनी व्यक्ति बना? नीचे उस सांसद की ओर से, जो अब सांसद नहीं है, लेकिन एक मतदाता जो अभी भी है, उल्लेख किया गया है। इसे हर विधानसभा क्षेत्र से आमजनों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा।

## विधायक ने बैंक परिसर में लिपिक व भृत्य को पीटा

### सीसीटीवी में कैद हुआ नजारा, आईजी से प्राथमिकी दर्ज करने की मांग



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की रामानुजगंज शाखा के दो कर्मचारियों के साथ विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा किए गए मारपीट का मामला तूल पकड़ लिया है। सोशल मीडिया में मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद विपक्षी पार्टी भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने घटनाक्रम की निंदा की है और विधायक को आपराधिक प्रवृत्ति का होना करार दिया है। इधर घटना के बाद बैंक के कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। इनके द्वारा सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के नाम शिकायत पत्र सौंपकर विधायक के विरूद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की गई है, साथ ही संभाग में जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की सभी शाखाओं को दो दिन बंद रखने व प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की चेतावनी दी गई है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ अंबिकापुर की ओर से पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज के नाम प्रेषित किए गए शिकायत पत्र में उल्लेखित किया गया है कि बैक की रामानुजगंज शाखा के लिपिक राजेश पाल और भृत्य अरविंद सिंह के साथ तीन अप्रैल को क्षेत्रीय विधायक बृहस्पत सिंह के द्वारा कार्यालयीन समय में कार्यालय परिसर में आकर सैकड़ों किसानों के सामने बेवजह गाली-गलौज एवं मारपीट की गई है। घटना का बैंक के सीसीटीवी कैमरे में फुटेज है, जिसमें विधायक के द्वारा की गई मारपीट की घटना को स्पष्ट देखा जा सकता है। कहा गया है कि ऐसी परिस्थिति में सहकारी बैंक के कर्मचारी काम करने में असमर्थ हैं और विधायक के इस कृत्य पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए सामूहिक रूप से पांच एवं छह अप्रैल को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आरएन खरे, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह परिहार, विजय यादव, सचिव संजय सोनी सहित अन्य ने हस्ताक्षरित शिकायत पत्र में उल्लेख किया है यदि कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुरक्षा की पूर्ण गारंटी नहीं दी जाती है और विधायक पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे कार्य करने में असमर्थ हैं। किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर दो दिन अवकाश में रहने के बाद अनिश्चितकाल के लिए बैंक बंद किया जाएगा। इस दौरान किसानों, हितग्राहियों को होने वाली परेशानी की जिम्मेदारी प्रशासन और बैंक प्रबंधन की होगी। इसकी प्रतिलिपि प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सहकारिता मंत्री सहित जिला व पुलिस प्रशासन को भी प्रेषित की गई है। घटना को लेकर बैंक के कर्मचारियों में आक्रोश है।

#### विधायक के साथ हो कानूनन सलूक-अनुराग सिंहदेव



विधायक के द्वारा की गई मारपीट के मामले में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बृहस्पत सिंह आपराधिक प्रवृति के विधायक हैं। एक अपराधी के साथ कानूनन सलूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बृहस्पति सिंह निरंतर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। पूर्व में थाने में घुसकर मारपीट करने की शिकायत आई थी। एक और मामले में पुलिस अधीक्षक के खिलाफ धरने पर बैठे थे। अधिकारियों से गाली-गलौज करने का कई मामला सामने आते रहा है। एक विधायक होकर इस तरह का काम करना प्रदेश की कांग्रेस सरकार के संरक्षण प्राप्ति को इंगित कराता है। अगर इस घटना के बाद भी प्राथमिकी विधायक के विरूद्ध दर्ज नहीं होती है, तो यही समझा जाए कि सरकार अपने विधायक से यह सब करवा रही है।

#### विधायक का मोबाइल रहा स्विच ऑफ

बैंक के कर्मचारियों द्वारा लगाए गए मारपीट के मामले में विधायक रामानुजगंज बृहस्पत सिंह से मोबाइल नंबर 99261 05315 में संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ बता रहा था।

## महामाया मंदिर प्रवेश द्वार के मुद्दे पर भाजपा कर रही कोरी राजनीति

### महापौर ने कहा-49.30 लाख की लागत से होगा भव्य प्रवेश द्वार निर्माण

**अंबिकापुर।** महामाया मंदिर प्रवेश द्वार के मुद्दे पर भाजपा कोरी राजनीति कर रही है। भाजपाइयों के लिए मंदिर आस्था का नहीं बल्कि भावनाओं से खेलने का माध्यम रहा है। कांग्रेस पार्टी व नगर निगम महामाया मंदिर के भव्य प्रवेश द्वार बनाने के लिए कटिबद्ध है, इसके लिए लगातार प्रयास भी कर रही है। नगर निगम के महापौर डॉ.अजय तिर्की ने कहा जन-जन की आराध्य मां महामाया के मंदिर का भव्य प्रवेश द्वार के साथ-साथ महामाया मंदिर द्वार से मंदिर तक भव्य कॉरिडोर बने, इसके लिए पवित्र चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन 22 मार्च को ही मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में 49 लाख 30 हजार की लागत से भव्य प्रवेश द्वार निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है। पारित प्रस्ताव के साथ महामाया मंदिर कॉरिडोर का ड्राइंग-डिजाइन, नक्शा, प्राक्कलन के साथ नगरीय प्रशासन विभाग को मंजूरी के लिए भेजा गया था, जिसे हाथों-हाथ नागरीय प्रशासन मंत्रालय ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री द्वारा नगर में विकास और सौंदर्यीकरण के लिए जारी 20 करोड़ की राशि से इसका निर्माण होगा, इसमें से करीब 30 लाख रुपये से भव्य द्वार और मंदिर तक आकर्षक स्ट्रीट लाइटिंग की योजना है। महामाया मंदिर कॉरिडोर निर्माण की ठोस पहल के बाद भाजपाई नींद से जागे हैं। वे आम लोगों को भड़का कर इसका श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। लोगों को बरगला कर सामान्य सभा स्थल तक मार्च कराना रणनीति का हिस्सा है।




## 12 आवेदकों का बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत

### ऑनलाइन स्वीकृति में सरगुजा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सत्यापन दल द्वारा आवेदन व दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत पात्र पाए जाने पर संबंधित नगरीय निकाय व जनपद पंचायत द्वारा 12 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता की ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन स्वीकृति में सरगुजा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल को अंबिकापुर व लुंड्रा जनपद के 2-2 आवेदकों को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता संबंधित जनपद सीईओ द्वारा ऑनलाइन स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार नगर निगम अंबिकापुर अंतर्गत 3 आवेदकों को नगर निगम आयुक्त द्वारा बेरोजगारी भत्ता की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही पांच अन्य आवेदकों का भी बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया गया है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरहुल पर्व में होंगे शामिल

### खाद्य मंत्री ने गरिमामय कार्यक्रम हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मूली पढ़हा अंबिकापुर के तत्वावधान में उरांव समाज द्वारा चैत्र पूर्णिमा गुरुवार छह अप्रैल को आयोजित सरहुल पर्व में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। पीजी कॉलेज ग्राउंड में मुख्य मंचीय कार्यक्रम होगा, जिसमें उद्बोधन के साथ विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात का कार्यक्रम भी होगा। गरिमामय कार्यक्रम आयोजन हेतु खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खाद्य मंत्री ने पीजी कॉलेज ग्राउंड में हेलीपेड निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं तथा वाहन पार्किंग, यातायात, सुरक्षा, कानून व्यवस्था आदि के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जिले में प्रवास एवं कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की कोई चूक न हो, जिन्हें जो जिम्मेदारी मिलेगी उसका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें।

## भारत की राजधानी तक अंबिकापुर का डंका बजाने वाली निगम आयुक्त व स्वच्छता दीदियों का सम्मान

### सरगुजा प्रेस क्लब ने किया आयोजन, गौरवशाली पल के अनुभव को किया साझा

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** स्वच्छता दीदियों की बदौलत भारत की राजधानी तक अंबिकापुर का डंका बज रहा है। इस शहर का नाम देश के महानगरों तक लोगों की जुबां पर है, यह अनुभव उस समय सामने आया जब स्वच्छता दीदियों का नगर निगम के आयुक्त के साथ अंतर्राष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस पर नई दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यशाला में पहुंचना हुआ। आयोजन भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने किया था। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यशाला के शुभारंभ की पारी आई, तो दीप प्रज्वलन करने के लिए अंबिकापुर, नवापारा एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदी श्वेता सिन्हा का नाम पुकारा गया और हैबिटेट सेंटर का पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह अवसर पूरे अंबिकापुर व छत्तीसगढ़ वासियों के लिए गौरव का पल था। इस गरिमामयी पल को और यादगार बनाने व शहर के साथ ही जिलेवासी स्वच्छता दीदियों को सम्मान की नजर से देखें, मौसम की परवाह किए बगैर घर-घर जाकर बेहिचक हर प्रकार के कचरों के संग्रहण को स्वीकार करने वाली स्वच्छता दीदियों का सहयोग करें, इसके एवज में प्रतिमाह लिए जाने वाले शुल्क का समय पर भुगतान करें, यह संदेश देने के लिए नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई व दिल्ली से लौटी स्वच्छता दीदियों के सम्मान का कार्यक्रम मंगलवार को डाटा सेंटर में सरगुजा प्रेस क्लब की ओर से किया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष त्रिलोक कपूर कुशवाहा व पदाधिकारी, सदस्यों ने न सिर्फ इनका सम्मान किया अपितु दिल्ली में आयोजित कार्यशाला के गौरवशाली पल व अनुभवों को सुना।

#### रितु सैन से मिलकर साझा किया अनुभव

सरगुजा कलेक्टर के रूप में वर्ष 2014 में सरगुजा जिले में सेवा दे चुकी रितु सैन के समय ही शहर में स्वच्छता के सुनहरे पल की शुरूआत हुई थी। कार्यशाला में गई निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई ने बताया कि आइएएस रितु सैन से मुलाकात का मौका मिला। इस दौरान हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि स्वच्छता को लेकर बड़ी पहल करना आसान काम नहीं था। स्वच्छता दीदियों का समूह बनाकर, इन्हें प्रशिक्षित करने के बाद डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की परिकल्पना को साकार करने की पारी आई। यह लगा इसमें सफलता मिल पाएगी या नहीं, लोगों का साथ मिल पाएगा, इसे लेकर संशय बरकरार रहा, फिर भी वार्डों में घर-घर तक स्वच्छता दीदियों को कचरा कलेक्शन के लिए भेजने का क्रम शुरू हुआ। धीरे-धीरे इस काम की गति बढ़ी, सभी वार्डों तक स्वच्छता दीदियां पहुंचें, इस सोच को साकार किया गया। स्वच्छता को लेकर की गई पहल को नागरिकों ने भी ग्राह्य किया और शहर वासियों का सहयोग व सपोर्ट मिलने लगा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की बदौलत शुरूआती दौर में आठ हजार रुपये की कमाई हुई थी, वर्तमान में 17 लाख कलेक्शन मिल रहा है। रिसाइक्लिंग किए गए कचरे से अतिरिक्त आय हो रही है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की, कि कई मल्टी स्टोरी भवनों में रहने वाले, किराएदारों का सहयोग स्वच्छता दीदियों को आज भी नहीं मिल रहा है। इसके लिए नई कार्ययोजना बनाई जाएगी और शहर को स्वच्छ बनाने में हर किसी की भूमिका हो, इसे साकार किया जाएगा।




#### बार-बार आ रहा था अंबिकापुर का नाम-आयुक्त

निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई ने कहा पत्रकारों के माध्यम से कई ऐसी बातें लोगों तक पहुंचती है, जिससे लोगों की सोंच बदलती है। उन्होंने पत्रकारों के द्वारा किए गए सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा शहर में स्वच्छ परिवेश बना रहे, इसके लिए जो प्रयास किए गए हैं, इस सिस्टम को और मजबूत करना है। आाम लोगों तक बेहतर कार्य को पहुंचाने, सकारात्मक संदेश देने में आप सभी की भूमिका अहम रहती है। स्वच्छता दीदियों के काम को लोग पहचानें, इनके उत्साह में किसी प्रकार की कमी न आए, इसके लिए सभी को मिल-जुलकर प्रयास करना होगा। दिल्ली में होने वाली चर्चा के बीच स्वच्छता के मामले में बार-बार अंबिकापुर का नाम आ रहा था। स्वच्छता के अध्येता भी अंबिकापुर का ही नाम ले रहे थे, जिससे मन प्रफुल्लित हो रहा था।

#### नहीं भूल सकती जीवन के इस पल को-श्वेता

निगम आयुक्त के साथ दिल्ली के हैबीटेट सेंटर में मौजूद एसएलआरएम सेंटर अंबिकापुर की स्वच्छता दीदी श्वेता सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अलावा भारत के विभिन्न शहरों से आए तमाम विभूतियों के बीच मंच पर नाम पुकार कर बुलाने और दीप प्रज्वलन कराने के पल को वे कभी नहीं भूल पाएंगी। वह उस समय खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही थी, जब अंबिकापुर की स्वच्छता के बारे में कुछ बताने की पारी आती, तो वहां मौजूद बड़े महानगरों, शहरों के लोग स्वयं अंबिकापुर का नाम लेकर यहां के अपशिष्ट प्रबंधन के मॉडल को देखने का अनुभव साझा कर प्रशंसा करने लगते। यह जानकर अच्छा लगा कि देश के कई हिस्से के लोग अंबिकापुर का नाम लेकर स्वच्छता प्रबंधन की मिसाल देते नहीं थकते हैं।

#### शशिकला ने उड़ीसा में बताया कैसे कर रहे काम

एसएलआरएम सेंटर की शशिकला सिन्हा भी उड़ीसा जाकर स्वच्छता के मॉडल की प्रस्तुती दे चुकी हैं। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यहां आने पर अंदर से इस बात को लेकर गर्व महसूस हो रहा था कि उन्हें मंचस्थ लोगों के बीच जाकर स्वच्छ शहर बनाने के लिए किए गए प्रयास को बताने का अवसर मिलेगा। हुआ भी कुछ ऐसा ही, उन्होंने यहां नगर निकाय के लोगों को बताया कि वे एसएलआरएम सेंटरों में किस प्रकार काम किया जाता है। इन्हें कचरों को अलग करने और इसे आमदनी का स्त्रोत कैसे बनाएं, इसकी विधा से भी अवगत कराया।

#### दिल्ली में जल रहा अंबिकापुर का मशाल-कुशवाहा

सरगुजा प्रेस क्लब के अध्यक्ष त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने तीन दशक से अधिक के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि निगम में जनप्रतिनिधि के रूप में दायित्व निभाते समय उन्होंने देखा कि जो भी नगरीय निकाय के सीएमओ यहां पदस्थ रहे, वे खींची गई लकीर पर चलते रहे। कुछ नया करने की सोच विकसित नहीं हो पाई। नगर निगम आयुक्त के रूप में प्रतिष्ठा ममगई की पदस्थापना के बाद के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने बेहतर काम हुआ है, यही कारण है कि दिल्ली में अंबिकापुर का मशाल जल रहा है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को भी मानना पड़ा कि वास्तव में अंबिकापुर स्वच्छता के मामले में सर्वश्रेष्ठ मॉडल है।

#### नारी शक्ति की मिसाल हैं स्वच्छता दीदियां-अंचल

सम्मान कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंचल ओझा ने कहा कि पहले लोग कचरा रखना, देना नहीं चाहते थे। स्वच्छता दीदियां जाकर घंटी बजाती, दरवाजा खटखटाती लेकिन रिस्पांस कम ही मिलता था। आज शहर में स्वच्छता का पर्याय बनीं 470 स्वच्छता दीदियां नारी शक्ति की मिसाल हैं। हालात भी बदल गए हैं, इन्हें देखकर नजरें चुराने वाले आज त्योहार के मौकों पर इन्हें मिठाई व सामान्य दिनों में खाने-पीने की चीजें देने से गुरेज नहीं करते हैं। जो आज भी कचरे को कहीं भी फेंक देना मुनासिब समझते हैं, ऐसे लोगों पर सख्ती की जरूरत है।

#### इनका किया गया सम्मान

सरगुजा प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई के अलावा दिल्ली के कार्यशाला में दीप प्रज्वलन की स्वच्छता दीदी श्वेता सिन्हा, शशिकला सिन्हा, भरंती एक्का, निराशा टोप्पो, हलकन्या दास का सम्मान प्रेस क्लब के अध्यक्ष त्रिलोक कपूर कुशवाहा, मनोज गुप्ता, देश दीपक सचिन, नदीम अंसारी, दीपक सराठे, अभिनय साहू, गिरिजा कुमार ठाकुर, मनीष सोनी, शेखर गुप्ता, तरूण अंबष्ट, रवि गुप्ता, दीपक गुप्ता सहित अन्य ने किया।

# 30 करोड़ 98 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

## बलरामपुर में किसान भवन निर्माण हेतु मंत्री रविन्द्र चौबे ने की 25 लाख की घोषणा

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रवास पर पहुंचे कृषि विकास, संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे व आबकारी, वाणिज्यिक कर विभाग के मंत्री कवासी लखमा ने ग्राम महाराजगंज में आयोजित किसान महासम्मेलन में हिस्सा लिया, जहाँ विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत हितग्राहियों को चेक व सामग्रियों का वितरण कर 30 करोड़ 98 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी का अवलोकन कर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 9 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।






महाराजगंज में आयोजित किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के कृषि विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि देश की आजादी के लिए किसानों ने लड़ाई लड़ी थी तथा महात्मा गांधी ने भी छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से किसान हित में पदयात्रा की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि समता कानून समाज की रचना कांग्रेस ने की थी, जिसका उदाहरण मंत्री श्री कवासी लखमा जी हैं। कृषि मंत्री श्री चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में 01 करोड़ 60 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी राज्य सरकार ने की है, इसके साथ ही किसानों की मांग पर धान उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिले, इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार अगले खरीदी विपणन वर्ष से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करने जा रही है। मंत्री श्री चौबे ने कहा कि प्रदेश में किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, खेतीहर मजदूर न्याय योजना का संचालन किया जा रहा है ताकि प्रदेश के किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकें। उन्होंने गोमूत्र व गोबर खरीदी की प्रगति को लेकर जिला प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की। इसके साथ ही मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने बलरामपुर में किसान भवन निर्माण हेतु 25 लाख तथा बलरामपुर विकासखण्ड के डोंगीदह व बोदीटोला नाला में पुल निर्माण की घोषणा की। उन्होंने क्षतिग्रस्त कोटपाली नहर डायवर्सन की जांच के लिए उच्च स्तरीय टीम भेजने की बात कही।

आबकारी एवं वाणिज्यिक कर विभाग के मंत्री श्री कवासी लखमा ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के 04 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, तेंदुपत्ता संग्राहकों का मानदेय प्रदेश सरकार ने बढ़ाया है, इसके साथ ही प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रतिमाह 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान किया है। श्री लखमा ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास-आश्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की छात्रवृति में बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार पारंपारिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजीव युवा मितान क्लब का गठन कर विलुप्त हो रहे खेलों की गतिविधियों से युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रही है।

सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व रामानुजगंज विधायक श्री बृहस्पत सिंह ने प्रदेश में कांगेस की सरकार के अस्तित्व में आने के बाद 10 हजार करोड़ किसानों का कर्ज माफी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार किसान हितैषी सरकार है, प्रदेश सरकार ने न केवल धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया है, बल्कि किसानों से 15 क्विंटल प्रति एकड़ की जगह 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने की रणनीति बनाई है और 01 नवम्बर 2023 से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने मंचासीन दोनों केबिनेट मंत्रियों को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए अपनी मांग रखी।

किसान सम्मेलन में श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री श्रमिक सियान योजना के तहत 05 हितग्राहियों को 20-20 हजार का चेक, कृषि विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को उड़द बीज वितरण, उद्यानिकी विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को पावर वीडर, पशुधन विकास विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को सुकर त्रयी व नर बकरा हेतु क्रमशः 09 हजार व 04 हजार का चेक, मछली पालन विभाग द्वारा 04 हितग्राहियों को जाल वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा 03 जोड़ों को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन राशि तथा राजस्व विभाग द्वारा 06 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र तथा 07 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील सहित जिले के निवार्चित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े सेवानिवृत्त बैंककर्मी से 10 हजार रुपए की लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** सप्ताहभर पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जयनगर में दिनदहाड़े सेवानिवृत्त बैंककर्मी से 10 हजार रुपए नगदी की लूट करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि 3 अप्रैल को राजेन्द्रनगर अम्बिकापुर निवासी सेवानिवृत्त बैंककर्मी नन्हक सिंह ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 27 मार्च को स्टेट बैंक विश्रामपुर के अपने खाता से 16 हजार रुपए आहरण कर 10 हजार रुपए दाहिने पाकिट तथा 6 हजार रुपए को शट के पाकिट में रखकर अपने स्कूटी से घर अम्बिकापुर जा रहा था। तभी एनएच 43 पर रास्ते में जयनगर सोसायटी के आगे पहुंचा था, उसी समय स्कूटी के पीछे एक मोटर सायकल में 2 व्यक्ति आए और जबरन रोकवाए। एक व्यक्ति मोटर सायकल से उतरा और दूसरा व्यक्ति मोटर सायकल चालू करके रखा था। दोनों युवकों द्वारा पीछे पुलिस खड़े हैं, आवाज दिए तो क्यों नहीं सुन रहे हो कहकर गाड़ी का कागज की मांग किए। जिस पर प्रार्थी द्वारा कोई पुलिस वाला नहीं दिख रहा कहने पर एक व्यक्ति ने दाहिने पाकिट में रखे 10 हजार रुपए को जबरन बलपूर्वक प्रार्थी के पैंट के पैकेट से निकालकर लूट लिया और दोनों मोटर सायकल से फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जयनगर में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 392, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी जयनगर को दिए गए थे।जयनगर पुलिस को विवेचना के दौरान लूट को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं आरोपियों की हुलिया के बारे में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगी।



इसी बीच मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को इरानी मोहल्ला अम्बिकापुर में देखा गया है, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर फायज अली को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने साथी विनय शर्मा उर्फ बाबु के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों के निशानदेही पर नगदी रकम 1000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त होण्डा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सीजेड 7723 को जब्त कर आरोपी फायज अली पिता अयुब अली (24 वर्ष) एवं विनय शर्मा पिता स्व. राजकुमार शर्मा (22 वर्ष) दोनों निवासी निवासी वार्ड क्रमांक 25 सत्तीपारा, इरानी मोहल्ला अम्बिकापुर, थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी सुभाष कुजूर, एएसआई राकेश यादव, प्रधान आरक्षक मुकेश्वर वर्मा, आरक्षक विकास मिश्रा, राजकुमार पासवान व सैनिक जहांगीर सक्रिय रहे।

# कमलपुर के ग्रामीणों को पुलिस ने दी कानूनी जानकारी



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत कमलपुर में सोमवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा जन चौपाल लगाकर लोगों को कानूनी जानकारी दी गई।

जयनगर थाना प्रभारी सुभाष कुजूर के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत कमलपुर में जनचौपाल लगाई गई। यहां पर पुलिस द्वारा ग्रामीणों को कानूनी जानकारी देते हुए साइबर क्राइम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थिजन से सतर्क रहने की बात कही गई। पुलिस द्वारा यहां पर उपस्थिजन को समझाइश दिया गया कि गांव में अगर कोई भी फेरीवाले दिखें तो उन्हें तत्काल पकड़कर मुसाफिरी दर्ज कराने की पहल कराई जाए। साथ ही कोई भी संदिग्ध व्यक्ति गांवों में दिखे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। यहां पर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को अवगत कराया गया कि गांव का स्कूल सड़क किनारे है और यहां पर बाइक सवार काफी तेज वाहन चलाते हैं, जिससे हमेशा बच्चों के साथ कोई अनहोनी का खतरा बना रहता है, ऐसी स्थिति में यहां पर ब्रेकर की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

जिस पर पुलिस द्वारा जल्द ही उक्त समस्या के निराकरण हेतु कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक वरुण तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, आरक्षक रमेश कसेरा, नगर सैनिक अकबर अली, मुजाहिद व अन्य उपस्थित थे।

# शा. उचित मूल्य दुकान गौरीपुर, के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रेमनगर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतापपुर में शा.उचित मूल्य दुकान ग्राम गौरीपुर, जनपद पंचायत प्रेमनगर का नवीन आबंटन नियुक्ति किया जाना है।

जिसके लिए आमजनों, सहकारी समितियॉ, वृहद आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस, प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय स्वषासीय निकाय के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करते हुए बताया गया है कि इच्छुक संस्था 10 अप्रैल 2023 तक कार्यालयीन समय शाम 5:30 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय प्रेमनगर में उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप अनुसार आवेदन जमा कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# बेरोजगारी भत्ता के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारी कर्मचारी नियुक्त

## सूरजपुर जनपद में 21 कलस्ट्रो के माध्यम से किया जायेगा दस्तावेजों का सत्यापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कौषल विकास छत्तीसगढ़ शासन के महत्वकांक्षी योजना व तकनिकी षिक्षा एवं रोजगार विभाग, कलेक्टर कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी सूरजपुर 28 मार्च के अन्तर्गत में 1 अप्रैल से 2023 से षिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता का वितरण स्थानीय निकायों, जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के माध्यम से किया जाना है। योजना के दिषा निर्देषों के अनुरूप किये जाने हेतु समस्त गांव को 21 क्लस्टर मे विभाजित किया गया है, क्लस्टर स्तर पर सत्यापन दल का गठन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जो इस प्रकार है। उ.मा.वि. डुमरिया में श्रीमती अंजू पैकरा प्रभारी अधिकारी, श्री अनिरुद्ध शुक्ला एवं श्री प्रेमचंद लाल सहायक प्रभारी अधिकारी, चंद्रपुर, चंपकनगर, पर्री, पतरापारा, डुमरिया, उ.मा.वि. बसदेई में श्री विनोद कुमार सोनी प्रभारी अधिकारी, रूपनारायण गुप्ता एवं श्री रोशन लाल साहू सहायक प्रभारी अधिकारी, पीढा, बसदेई, झांसी, ऊंचडीह, लोधिमा, हाई स्कूल पसला में श्री टिकेष्वर प्रसाद प्रभारी अधिकारी, श्री परदेषी राम एवं श्री संदीप कुमार सहायक प्रभारी अधिकारी, हाई स्कूल लांची में श्री पी. बखला प्रभारी अधिकारी, श्री रोषन लाल कंवर एवं श्री सुषिल ठाकुर सहायक प्रभारी अधिकारी, सलका, भरतपुर, बेलटिकरी, लांची, उ.मा.वि.केतका में श्री जुगेष्वर प्रसाद प्रभारी अधिकारी, श्री दिनेष सिंह एवं श्री विरेन्द्र राम पैकरा सहायक प्रभारी अधिकारी, केतका, जोबगा, लाछा, पोड़ी, उ.मा.वि. डेडरी में श्री मोती लाल सिंह प्रभारी अधिकारी, श्री जयप्रकाष सिंह एवं श्री संतोष टंडन सहायक प्रभारी अधिकारी, डेड़री, मानी, गेतरा, पेण्डरखी, सपकरा, कन्दरई में श्रीमती ईलीना प्रभारी अधिकारी, श्री शांती सुखसार्दन एक्का, एवं श्री आदित्य प्रसाद यादव सहायक प्रभारी अधिकारी, जमदेई, रतनपुर, कन्दरई, कोरिया, राजापुर, उ.मा.वि. कल्याणपुर में श्री नागेष सिंह प्रभारी अधिकारी, श्री अरविन्द सिंह एवं श्री लाल साय आडिल्य सहायक प्रभारी अधिकारी, कल्याणपुर, बृजनगर, छतरपुर, रामेष्वरपुर, अखोराकला, पोड़िपा, हाई स्कूल सुन्दरगंज में श्री बिसनाथ कुजूर प्रभारी अधिकारी, श्री जयेष पाठक एवं श्री धर्मानन्द गोजे सहायक प्रभारी अधिकारी, मंजीरा, पाठकपुर, सुन्दगंज, मोहनपुर, हाई स्कूल कुम्दा कॉलरी में श्रीमती ग्रेस खलखो प्रभारी अधिकारी, श्री आसन पैकरा एवं श्री मकसुद आलम सहायक प्रभारी अधिकारी, वीरपुर, षिवसागरपुर, कुम्दा, पार्वतीपुर, गोविन्दपुर, करमपुर, उ.मा. वि. क. विश्रामपुर में श्री आशीष कुमार भट्टाचार्य प्रभारी अधिकारी, श्री राजवंत सिंह एवं श्री गौरीशंकर पाण्डेय, सहायक प्रभारी अधिकारी, शिवनंदनपुर, सतपता, कुंजनगर, हर्रा टिकरा, जयनगर, तेलाईकछार, शा. मा. वि. करंजी में श्री बी.के.नंदी प्रभारी अधिकारी, श्री कोमल राम एवं श्री अषोक कुमार गुप्ता सहायक प्रभारी अधिकारी, करंजी, सोहागपुर, दतिमा, झूमरपारा, खरसुरा, हाई स्कूल रामनगर में श्रीमती एस.बखला प्रभारी अधिकारी, श्री सुरेन्द्र प्रसाद एवं श्री बिजेन्द्र लाल जायसवाल सहायक प्रभारी अधिकारी, गांगीकोट, रामनगर, रूनियाडीह, सरस्वतीपुर, रामपुर, हाई स्कूल नवापारा में श्री अनिल टोप्पो प्रभारी अधिकारी, श्री अनुरंजन एवं श्री अनुरागवेन्द्र सिंह बघेल सहायक प्रभारी अधिकारी, नरेषपुर, नमदगिरी, तिलसिवां, देवीपुर, पचिरा, उ.मा.वि. गिरवरगंज में श्री के.पी. कुजुर प्रभारी अधिकारी, श्री प्रदीप नारायण त्रिपाठी एवं श्री कीर्ति कौषल दुबे सहायक प्रभारी अधिकारी, गिरवरगंज, नयनपुर, कुरूवां, केषवनगर, गोरखनाथपुर, उ.मा.वि. अजबनगर में श्रीमती विरजिनिया केरकेट्टा प्रभारी अधिकारी, श्री विनय ठाकुर एवं श्री नवीन जॉन सहायक प्रभारी अधिकारी, पंडोनगर, अजबनगर, महावीरपुर, संजय नगर, आमगांव, उ.मा.वि कैलासपुर में श्री मणिषंकर प्रभारी अधिकारी, श्री पाण्डु राम एवं श्री घन्ष्याम राजवाडे सहायक प्रभारी अधिकारी, कमलपुर, करतमा, कैलासपुर, पहाड़गांव, गोपालपुर, गणेषपुर, उ.मा.वि. सिलफिली में श्री श्रीमती विनिता यादव प्रभारी अधिकारी, श्री सत्यम बालाजी एवं श्री जुगेष्वर सिंह सहायक प्रभारी अधिकारी, मदनपुर, रविन्द्र नगर, कनकपुर, परसापारा, सिलफिली, उ.मा.वि. करवां में श्री सतीष कुमार भारद्वाज प्रभारी अधिकारी, श्री जॉन एडमिन केरकेट्टा एवं श्री मोबिन असांरी सहायक प्रभारी अधिकारी, जुड़वानी, करवां, करकेला, बलरामपुर, कसलगिरी, हाई स्कूल गंगापुर में श्री संतोष भास्कर प्रभारी अधिकारी, श्री मृत्युंजन तिवारी एवं श्री मनिष केहरी सहायक प्रभारी अधिकारी, बिहारपुर, गंगापुर, अनुजनगर, जगतपुर, तुलसी, उ.मा.वि.लटोरी में श्री ओमेगा सिंह प्रभारी अधिकारी, श्री राजेश कुमार सोनी एवं श्री महेन्द्र प्रताप सिंह सहायक प्रभारी अधिकारी, संबलपुर, लटोरी, महेशपुर, गजाधरपुर, द्वारिका नगर, सोनवाही में चिन्हांकित किया गया।

# लवकेश पैकरा के उपस्थित में जरही मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** भाजपा मंडल जरही कार्यसमिति की बैठक भाजपा मंडल जरही के शक्ति केंद्र बगडा के ग्राम बगडा ददूरा पारा मे मंडल कार्यसमिति का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व जरही के सहप्रभारी के रूप में उपस्थित हुए मंडल कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित मंडल प्रभारी अशोक सिंह, जरही मंडल के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महामंत्री समेलाल मिश्रा सहित शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बुथ अध्यक्ष, सचिव, मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी सभी कार्यक्रताओ को युवा नेता लवकेश पैकरा ने कहा



पार्टी की पूंजी है बूथ की टीम कैसे हम संगठन को समाजिक दृष्टिकोण से और मजबूत करे इस पर हमे और ध्यान देने की जरूरत है संगठन के कामों को हम सब को मिलकर बूथ स्तर पर सक्रिय होकर और मजबूती के साथ काम करना है हमारा प्रत्याशी कोई भी हो हमें 2023 मे सरकार बनाना है इस दृष्टि से हम सबको काम करना है। बैठक में उपस्थित मंडल प्रभारी अशोक सिंह व मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रम 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस को लेकर कार्ययोजना तैयार किया गया, साथ ही बूथ स्तर पर स्थापना दिवस को कैसे भव्य रूप से करे इसके लिए प्रमुख पदाधिकारियों वरिष्ठ जनो को जवाबदारी दिया गया व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता, श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र और कमल फुल का झंडा देकर बूथ के अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित जरही मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सर्व सुविधा युक्त पत्रकार भवन के निर्माण हेतु विधायक गुलाब कमरों ने किया भूमिपूजन

**दो न्यायाधीशों ने एमसीबी प्रेस क्लब के मनोनीत पदाधिकारियों को दिलाई शपथ**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)। 15 लाख की लागत से बनने वाले सर्व सुविधायुक्त पत्रकार भवन के निर्माण हेतु भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने विधिवत पूजा अर्चना कर भवन निर्माण की आधारशिला रखी उन्होंने भवन निर्माण हेतु अपने विधायक निधि से पांच लाख रुपए और देने के साथ ही एनएच से लेकर पत्रकार भवन तक सीसी रोड बनाए जाने की भी घोषणा की । वही हसदेव इन में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दो न्यायाधीशों ने एमसीबी प्रेस क्लब के मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई । सोमवार का दिन नवोदित जिला एमसीबी में कलमकारों के नाम रहा। जिला गठन के उपरांत पत्रकारों की प्रथम पंजीकृत संस्था एमसीबी जिला प्रेस के पदाधिकारियों का जहां यादगार शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ वहीं पत्रकार भवन के लिए भूमिपूजन भी किया गया। इस दौरान लोकतंत्र के चारों स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं पत्रकारिता जगत से जुड़े गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से लगे ग्राम पंचायत चैनपुर में 15 लाख की लागत से बनने वाले पत्रकार भवन का विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान कलेक्टर पीएस ध्रुव,, पुलिस अधीक्षक टीआर कोशिमा, रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष दामू आम्बेडारे, जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, जिला पंचायत सदस्य ऊषा सिंह करयाम, नपाध्यक्ष प्रभा पटेल, प्रेस कौंसिल कोरिया के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, सरपंच उजित नारायण सिंह समेत जनप्रतिनिधि तथा कोरिया व एमसीबी जिले के मीडियाकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक गुलाब कमरो ने भवन के लिए अतिरिक्त 5 लाख रूपए एवं एनएच 43 से पत्रकार भवन तक जाने के लिए सडक निर्माण कराए जाने की भी घोषणा की ।कार्यक्रम के अगले चरण में हॉटल हसदेव इन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि प्रेस से लोकतंत्र जीवित है। उन्होंने कहा कि देश, राज्य और जिले की पहचान प्रेस से है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार का गठन होने के बाद से प्रेस के प्रति अच्छा वातावरण बना है। विधायक ने प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर पीएस ध्रुव ने पत्रकारिता क्या है? इस पर अपने विचार रखते हुए इसके उद्भव और विकास पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन और पत्रकार मिलकर नवीन जिले को विकास की ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। उन्होंने शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार समाज के अंतिम छोर तक करने का आग्रह किया। मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारों ने उच्च मापदंड से बिना किसी छल कपट के पत्रकारिता करने का संकल्प लिया है इससे उम्मीद की जाती है कि अब पत्रकार बिना किसी द्वेषभाव के सार्थक पत्रकारिता करेंगे । न्यायाधीश मानवेंद्र सिंह एवं न्यायाधीश कुमारी सुनीता साहू ने एमसीबी प्रेस क्लब के सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई तथा प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए समुचित जानकारी के साथ खबरों के प्रकाशन और पवित्र उद्देश्य के साथ पत्रकारिता किए जाने की सीख दी। अन्य अतिथियों ने भी प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों और साथियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे। कोरिया एवं नवोदित जिला एमसीबी के पत्रकारों की गरिमायी उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठपत्रकार श्रीकांत शुक्ल एवं सतीश गुप्ता तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले समस्त जनों के प्रति वरिष्ठ पत्रकार रामचरित द्विवेदी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# लखनऊ में ट्रैफिक को लेकर निजी स्कूलों पर शिकंजा

**डीएम ने स्कूल कैंपस में गाड़ियां करने का दिया आदेश, ट्रैफिक कंट्रोल रूम भी बनेगा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, स्कूलों के बाहर गाड़ियों की लगनी वाली भीड़ कम होने वाली है। डीएम ने आदेश दिया है कि सभी स्कूल के लोग अभिभावकों की गाड़ियों को कैंपस के अंदर खड़ी करेंगे।इसके अलावा स्कूल मालिकों को ट्रैफिक मैनेज्मेंट सिस्टम भी रखना पड़ेगा। डीएम सूर्य पाल गंगवार ने स्कूल प्रबंधकों के साथ बैठक कर यह आदेश दिया।इसमें 10 स्कूलों को खासकर बुलाया गया था।जहां स्कूल खुलने और बंद होने के समय सबसे ज्यादा जाम लगता है।

बैठक के दौरान जयपुरिया स्कूल की तरफ से बताया गया कि उनके यहां सुबह 7.20 से 7.30 बजे तक जाम रहता है। बताया गया कि स्कूल में 3 गेट है।प्रत्येक गेट पर एक - एक नोडल और स्पोटिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।स्कूल बस व अभिभावकों की गाड़ियां परिसर के अंदर खड़ी कराई जाती है।

## स्कूल में जगह फिर भी बाहर गाड़ी खड़ी की जाती है

क्राइश चर्च विद्यालय में पर्याप्त जगह है उसके बाद भी गाड़ियां बाहर खड़ी रहती है। स्कूल की तरफ से दी गई जानकारी में यह बात सामने आई। उसके अलावा सेंट फ्रांसिस की प्रेजेंटेशन में पता चला कि वाहन तो विद्यालय के अंदर पार्क किए जाते है परंतु वैन बाहर खड़े किए जाते है।

# मेधावी छात्रा स्नेहा ने विद्यालय व माता पिता का बढ़ाया मान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



**मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)।**पत्रकार अरूण श्रीवास्तव एवं शिक्षिका श्रीमती रिंकी श्रीवास्तव की पुत्री स्नेहा श्रीवास्तव ने सेंट पैट्रिक अकैडमी मनेंद्रगढ़ कक्षा 9वीं सीबीएसई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक प्रवीणता पुरस्कार 2022-23 प्राप्त कर समूचे जिले को गौरवान्वित किया है।संस्था के प्राचार्य प्राचार्य ब्रदर एंटोनी केजे ने मेधावी छात्रा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्नेहा की इस उपलब्धि पर परिजनों सहित शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने उसे अपनी शुभकामनाएं दी हैं।एक मुलाकात में छात्रा ने बताया कि उसे यह उपलब्धि माता-पिता के आशीर्वाद एवं गुरूजनों के निरंतर मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है। उसने बताया कि वह रोजाना 6 से 8 घंटे पढ़ाई करती है। गणित उसका पसंदीदा विषय है और वह स्नातक की पढ़ाई करने के बाद प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में जाने की इच्छा रखती है। इसी को ध्येय बनाकर वह आगे की पढ़ाई जारी रखेगी। स्नेहा ने बताया कि उसके इस लक्ष्य में माता-पिता का मार्गदर्शन तो मिल ही रहा है साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भी उसे प्रेरित किया जाता है।

# हड़ताली पंचायत सचिवों ने शासन के आदेश की जलाई प्रतियां

**पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बीसवें दिन भी रही जारी**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



मनेंद्रगढ़ (एमसीबी) ।शासन ने पंचायत सचिवों को अल्टीमेटम देते हुए हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का आदेश जारी किया था । लेकिन पंचायत सचिवों पर इसका कोई असर नहीं हुआ पंचायत सचिव अब आर पार की लड़ाई के मूड में उतर आए हैं । हड़ताली पंचायत सचिवों ने शासन के आदेश की प्रतियां को आग के हवाले कर विरोध प्रदर्शन किया है । पंचायत सचिवों की हड़ताल बीसवें दिन भी जारी रही ।एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में 1 सूत्रीय मांग शासकीयकरण करने को लेकर पंचायत सचिव के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण पंचायतों में चल रहे विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित होकर ठप पड़ गए हैं तथा पंचायत भवनों में ताले लटके दिखाई दे रहे हैं । उल्लेखनीय है कि प्रदेश पंचायत सचिव संगठन छत्तीसगढ़ के आह्वान पर पंचायत सचिव अपने एक सूत्रीय मांग परीवीक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं । एमसीबी जिले में पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने पर पंचायत संबंधी कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं । एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के तहसील के बगल में पंचायत सचिवों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जो आठवें दिन भी जारी रहा।एमसीबी जिलाध्यक्ष धनेश्वर राय ने बताया कि चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने घोषणापत्र में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। परन्तु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 6 मार्च 2023 को प्रस्तुत बजट में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का कोई प्रावधान नहीं होने से प्रदेश के 10568 पंचायत सचिव व उनके परिवार दुखी एवं आक्रोशित हैं। पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिव 27 वर्ष बाद भी शासकीय सेवक नही है।पंचायत सचिवों को विभाग में कार्य करते हुए 27 वर्ष से अधिक हो गया है, सचिवों के साथ नियुक्त अन्य विभाग के कर्मचारी जैसे शिक्षाकर्मी/ वनकर्मी/ लोकनिर्माण विभाग के कर्मी को शासकीयकरण कर दिया गया है परंतु सचिवों को शासकीयकरण से वंचित रखा गया है। प्रदेश में कार्यरत 10568 पंचायत सचिव में से 15 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके 7184 पंचायत सचिवों को शासकीयकरण का वेतनमान 5200-20200 ग्रेड 2400 मिल रहा है एवं 15 वर्ष के कम सेवावधि वाले पंचायत सचिव जिनकी संख्या 3384 को 3500-10000 ग्रेड 1100 का वेतनमान मिल रहा है। राज्य सरकार के कर्मचारी/शासकीय कर्मचारी नही होने से शासकीय सेवक की भांति अन्य सुविधा जैसे ओपीएस, चिकित्सा भत्ता, अर्जित अवकाश, टी ए क्रमोन्नति-पद्दोन्नति, बीमा, ग्रेजयुटी से वंचित है। परिवीक्षा अवधि पश्चात सचिवों के शासकीयकरण करने से वार्षिक वित्तीय भार 75 करोड़ अल्प मात्र आएगा। पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से शासन के महत्वकांक्षी योजना गोबर खरीदी, रीपा कार्य, गौठान के समस्त कार्य, मनरेगा के कार्य, जन्म-मृत्यु पंजीयन, राशनकार्ड प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तरर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, श्रद्धांजलि योजना, पेयजल व्यस्था, शौचालय निर्माण, वन अधिकार पट्टा वितरण, स्वामित्व योजना सर्वेक्षण, ग्राम सभा, बजट निर्माण, समस्त निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम माह होने से लेखा जोखा के कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है।

# युवा कांग्रेस ने जवाब दो मोदी जी पोस्ट कार्ड का किया विमोचन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अदानी के रिश्तो को लेकर राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब मांगने प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर 4 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो रहे युवा कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान के संबंध में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। युवा कांग्रेस के पोस्टकार्ड अभियान जवाब दो मोदी जी का मंगलवार को विमोचन किया गया।युवा कांग्रेस इस अभियान के तहत प्रदेश के जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आवास पते पर पोस्टकार्ड पत्र भेजेगी। पोस्टकार्ड में पूंजीपति अदाणी और पीएम मोदी की मित्रता के संबंध में तीन प्रश्न पूछे गए हैं।ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि मित्र अदाणी को खुश करने के लिए प्रधानमंत्री ने सबसे मजबूत लोकतंत्र को आज मजाक तंत्र बना कर रख दिया है।लोकतंत्र की हत्या कर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के विरोध में युवा कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस कड़ी में पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया गया है। पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी ने कहा कि कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द होने के मामले में कांग्रेसी आंदोलन चला रहे हैं। इसी को लेकर कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री को पोस्ट कार्ड भेजो अभियान शुरू किया है।राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने के बाद उनसे सरकारी आवास खाली कराने का मामला तूल पकड़ता था रहा है। इसको लेकर कांग्रेसी आंदोलन कर रहे हैं मनेन्द्रगढ़ में भी राहुल गांधी के मामले को लेकर कांग्रेस आंदोलन कर रही है। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हफीज मेमन ने कहा कि वोटरों के बीच जाकर राहुल गांधी के साथ हुए अन्याय के बारे में बताएगी, और राहुल गांधी जो सवाल प्रधानमंत्री से करना चाह रहे थे।उनको जनता को बताएगी और पोस्टकार्ड पर राहुल गांधी के सवाल लिखे हुए हैं। उस पोस्टकार्ड को प्रधानमंत्री को भेजने के लिए जनता को प्रेरित करेगी।युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी के सवालो को पोस्टकार्ड पर छपवाकर प्रधानमंत्री के लिए पोस्ट करवाएगी। उस कार्ड के जरिए प्रधानमंत्री की आंखें खोलना चाहते हैं इसके अलावा ईमेल के माध्यम से भी उन्हें पोस्ट कार्ड भेजे जाएंगे।

# मारपीट से आहत युवक की इलाज के दौरान मौत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन





मनेंद्रगढ़ (एमसीबी) । एमसीबी जिले के जनकपुर में मारपीट में घायल एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत होगई । इस मामले में शहडोल पुलिस ने मर्ग कायम किया है । जनकपुर में हुई इस घटना में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं । मिली जानकारी के अनुसार बीते 26 मार्च की दोपहर जनकपुर तिराहे में गाड़ी से कट मार देने के मामले में यादव व सुमित शर्मा के बीच विवाद चल रहा था । इस दौरान भरतपुर एक कांग्रेसी नेता के बेटे ने वहाँ पहुंच कर सुमित शर्मा के सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।घायल सुमित के सिर से खून बहता देख वह घटना स्थल से भाग गया । गंभीर रूप से घायल सुमित को उपचार के लिए जनकपुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया । यहाँ उसका उपचार चल रहा था कि 2 अप्रैल की दोपहर उसकी तबियत बिगड़ने लगी, तब डा. ने उसे शहडोल रेफर कर दिया । जहाँ इलाज के दौरान युवक ने शहडोल के जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया । मरणासन्न अवस्था में युवक ने बयान भी दिया था लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है ।परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मारपीट करने वाले के खिलाफ एफआईआर भी नहीं लिखी है.मौत के बाद शहडोल थाने में अपराध दर्ज किया गया है। इकलौते जवान बेटे की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में हैं ।

# श्री मद् भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कस्बा व जबरौली गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्री मद् भागवत कथा का सोमवार को समापन हुआ ।इस मौके पर हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे में पूड़ी, सब्जी, छोला-चावल का वितरण किया गया। जबरौली गांव में समाजसेवी उत्तम अवस्थी व मोहनलालगंज कस्बे में अधिवक्ता शील चन्द्र तिवारी ने श्री मद् भागवत कथा का आयोजन किया था ।इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी आदित्य प्रकाश त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी, पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि विवेक अवस्थी, गंगाराम अवस्थी समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# कलेक्टर ने सामाजिक सर्वेक्षण का किया निरीक्षण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



मनेंद्रगढ़ (एमसीबी) । कलेक्टर ने मंगलवार को आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत विकासखंड मनेंद्रगढ़ के ग्राम बरबसपुर मोरगा सेमरा में जाकर प्रगणक दल द्वारा घर घर जाकर सत्यापन किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया । कलेक्टर ने सत्यापन दल में सम्मिलित प्रगणक सुपरवाइजर को पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने प्रोत्साहित किया फार्म को ऑनलाइन एंट्री के साथ ऑफलाइन भरे जा रहे सर्वेक्षण प्रपत्र को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने ग्राम सेमरा में निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य की दुकान का भी निरीक्षण किया दुकान में राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों से मिलने वाले सामग्री के संबंध में बातचीत की कलेक्टर के द्वारा बताया गया कि इस माह 2 माह का चावल दीया जा रहे हैं चावल के साथ शक्कर और चना का भी वितरण किया जा रहे हैं सभी हितग्राही उचित मूल्य की दुकान में पहुंचकर अपना राशन प्राप्त कर लेवे कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकान पर आए हितग्राहियों तथा ग्राम वासियों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन योजना, 1 अप्रैल से प्रारंभ हुए बेरोजगारी भत्ते, आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण कार्य, मनरेगा के कार्य, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के संबंध में ग्राम वासियों से बातचीत किया ।ग्राम पंचायत की सरपंच मौके पर उपस्थित थी । सरपंच ग्राम पंचायत को प्रगणक दलों के कार्य में सहयोग करने कलेक्टर ने प्रोत्साहित किया ।कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान सेक्टर सुपरवाइजर, नायब तहसीलदार नागपुर श्रीकांत पांडे, हल्का पटवारी छाया गुप्ता और गांव वासी उपस्थित थे ।कलेक्टर के निरीक्षण के समय एक परिवार के दो महिला सदस्यों श्रीमती केसरी राय पति राजेंद्र राय कौशल्या राय पति विनय कुमार द्वारा राशन कार्ड बनने में कठिनाई आने की कलेक्टर कोअवगत कराने पर कलेक्टर ने तत्काल दूरभाष से जिले के खाद्य अधिकारी को तत्काल राशन कार्ड की समस्या का निराकरण के निर्देश दिया।

# विद्यालय मुबारकपुर निपुण विद्यालय किया गया घोषित




**बीएसए लखनऊ ने प्राथमिक विद्यालय में किया पुस्तक वितरण**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

काकोरी, लखनऊ।काकोरी में प्राथमिक विद्यालय मुबारकपुर को निपुण विद्यालय घोषित किया गया , इस मौके पर बीएसए लखनऊ के द्वारा कुछ बच्चों को पुस्तक का वितरण भी किया गया इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ अरूण कुमार एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी काकोरी राम मूर्ति यादव ने अपने उद्बाबोधन के द्वारा बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय में नामांकित करवाने हेतु नियमित विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी राममूर्ति सिंह यादव, ब्लाक प्रमुख काकोरी नीतू यादव, ए आर पी राजेश कुमार सिंह, मनीषा बाजपेई, डॉक्टर चैताली यादव, डॉक्टर टीपी द्विवेदी, मुकुल चंद पांडे, प्रधानाध्यापक अनीता चौधरी, सहायक अध्यापिका अकलीम फातिमा, सुमन, शिक्षा मित्र विनीता राजपूत, रंजना वर्मा सहित विद्यालय में बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।

# लखनऊ में अवैध होटल और मेडिकल सेंटर सील



**3 अवैध निर्माण पर छऊअ ने की कार्रवाई, नक्शा पास नहीं कराया था**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, अवैध निर्माण पर एलडीए की तरफ से कार्रवाई की सिलसिला जारी है। सोमवार को प्रवर्तन दल ने एक होटल और एक मेडिकल सेंटर को सील कर दिया। एलडीए वीसी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।प्रवर्तन जोन-एक ने गोमती नगर व गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए होटल व मेडिकल सेंटर समेत तीन अवैध निर्माण को सील किया।

प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि रूपेश अग्रवाल व अन्य द्वारा गोमती नगर के विरामखण्ड में भूखण्ड संख्या-1/274 पर लगभग 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल अवैध निर्माण कराय गया था। इसमें भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल का निर्माण करके मेडिकल सेंटर चलाया जा रहा था। यहां इसके अलावा अन्य व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

## अवैध ओयो होटल चल रहा था

भूखण्ड संख्या-4/161 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल पर ओयो होटल संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा राकेश कुमार सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार में ग्वारी क्रासिंग तिराहे के पास जनेश्वर मिश्र पार्क के कोने पर लगभग 12,000 हजार वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक उपयोग हेतु बेसमेंट तथा भूतल आदि का निर्माण कार्य कराया जा था।

## एलडीए के विहिति न्यायालय में चल रहा मामला

तीनों प्रकरण में विहित न्यायालय में वाद योजित किए गये थे, जिसमें विपक्षियों द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र / साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश पारित किए गए थे। इन आदेशों के अनुपालन में आज सहायक अभियंता अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद, सुभाष शर्मा व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थलों को सील कर दिया गया।

Created by Universal Document Converter

## चिंतन

# बिहार व प. बंगाल में हिंसा रोकें सरकारें

बिहार और पश्चिम बंगाल में हिंसा चिंताजनक है। रामवनमी पर जुलूस के दौरान दोनों ही राज्यों में हिंसा और उपद्रव हुए हैं। बिहार के सासाराम व बिहारशरीफ में हिंसा, पत्थरबाजी, उपद्रव हुए हैं तो पश्चिम बंगाल में हावड़ा के बाद हुगली में हिंसा व आगजनी भड़क उठी है। दोनों राज्यों की सरकारें हिंसा रोकने में विफल साबित हो रही हैं। बिहार के सासाराम में हिंसक स्थिति के चलते गृहमंत्री अमित शाह को अपना निर्धारित कार्यक्रम रद करना पड़ा। यह बिहार की कानून-व्यवस्था के लिए शर्मनाक स्थिति है कि केंद्रीय गृह मंत्री को अपना कार्यक्रम रद करना पड़े। सुशासन बाबू नीतीश कुमार को राज्य की कानून व्यवस्था को सख्ती से संभालना चाहिए। दोनों ही राज्यों में घटनाओं में साम्यता है कि धार्मिक अवसर पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा भड़की है, जबकि राज्य पुलिस ऐसे अवसरों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम करती है और विशेष रूट भी निर्धारित करती है। इसके बावजूद अगर हिंसा व उपद्रव हो रहें हैं, लोग घायल हो रहे हैं, पुलिसकर्मी घायल हो रहे हैं, संपत्तियां नष्ट हो रही हैं, तो बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर सवाल उठेंगे ही। मुख्यमंत्री नीतीश व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दायित्व है कि अपने अपने राज्यों में कानून व्यवस्था बनाए रखें। धार्मिक व जातीय हिंसा हमेशा समाज में दूरियां पैदा करती हैं, देश के माहौल को बिगाड़ती है। राज्य सरकारों का संवैधानिक कर्तव्य है कि किसी भी सूरत में हिंसा ना होने दें। कानून-व्यवस्था को सख्त रखना राज्य प्रशासन का काम है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह बार बार हिंसा हो रही है और उसमें राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की संलिप्तता की बात सामने आ रही है, उससे इसके सुनियोजित होने के आसार प्रतीत होते हैं। पश्चिम बंगाल में इस साल 2000 से ज्यादा जगहों पर रामनवमी के जुलूस निकालने की अनुमति प्रशासन ने दी थी, तो उसने सुरक्षा का इंतजाम भी किया होगा। ऐसा में हिंसा व उपद्रव का होना प्रशासन की विफलता नहीं तो और क्या है? हावड़ा में एक साल के भीतर 3 बड़ी हिंसा हुई हैं। 10 अप्रैल 2022, 11 जून 2022 और 30 मार्च 2023 को हावड़ा में हिंसा व उपद्रव हुए हैं। इनमें से दो बार रामनवमी के दिन हुए हैं। हावड़ा राजधानी कोलकाता के करीब है और यहां राज्य का मुख्य सचिवालय भी है। इसके बावजूद आखिर क्या वजह है कि हावड़ा हिंसा की आग में हर बार झुलस जाती है? हावड़ा के बाद अब हुगली में भी हिंसा और आगजनी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों पर पथराव किया गया, वाहनों में तोड़फोड़ की गई। आखिर पश्चिम बंगाल की पुलिस क्या कर रही है? ममता सरकार उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रही है? क्या यह कानून व्यवस्था का प्रश्न भर है, या इसके पीछे राजनीतिक ध्रुवीकरण की साजिश भी है? जांच होनी चाहिए। पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद जिस तरह सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस व भाजपा के बीच बयानबाजी होती है, वह भी शर्मनाक है। टीएमसी की सरकार को हिंसा पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, तो उसके नेता बयान देकर उपद्रवियों के डर को खत्म कर रहे होते हैं। यह स्थिति लॉ एंड ऑर्डर की राह में बड़ी बाधा है। उपद्रवियों के मन में पुलिस व कानून का खौफ होना चाहिए। समाज को बांट कर, समाज में जहर घोलकर आखिर कैसी राजनीति की जा रही है? उपद्रवियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो आखिर सरकार का मतलब क्या रह जाता है? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं, बिहार व बंगाल में हर हाल में शांति व्यवस्था बहाल होनी चाहिए।



खरी-खरी

डॉ. चन्द्र त्रिखा

कभी-कभी ऐसा नहीं लगता कि पूरा सामाजिक परिवेश ही बीमार पड़ने लगा है? दूर-दूर तक सुख-शांति का कोई नामोशिान नहीं। पूरा देश, '...हटाओ', 'बचाओ...' के नारों में व्यस्त है। हर नेता पर 'चोरी' या 'चोरों से यारी' के आरोप चस्पां हो रहे हैं। तो क्या मान लिया जाए कि हम सब, 'चोरों की बस्ती' के वासी हो गए हैं? इस स्थिति से उबरना ज़रूरी हो चला है। इस तथ्य को स्वीकार करें कि व्यावहारिक धरातल पर विकास के अनूठे द्वार खुले हैं। मगर सौहार्द व पारस्परिक स्नेह-संवाद की फसलें निरंतर बर्बाद होती जा रही हैं और यह ऐसी बर्बादी है, जिस पर कोई मुआवज़ा तो क्या मिलेगा, जुर्माना अवश्य लगता है।

# शांति के कबूतर तो कब के उड़ चुके

चौतरफा शोर है। कहीं राहुल, कहीं अडाणी, कहीं 'नफरती गैंग', कहीं इंदौर के मंदिर की दुर्घटना को लेकर चीखो-पुकार, आरोप-प्रत्यारोप, संसद चल नहीं पाई। श्रद्धा भाव और आध्यात्मिक सुख का अहसास दिए बिना ही नवरात्रे बीत गए। रामनवमी भी अगले वर्ष तक के लिए बीत गई। रमज़ान की नमाज़ें भी शांति से कहां पढ़ी जा पा रही हैं? मन में सुकून न हो तो अल्लाह भी कहां जुड़ता है?

गुरुदेव टैगोर झकझोरते हैं, 'जप व भजन गान छोड़ो। आंखें खोलो, मंदिरों के कपाट खोलो। देखो! भगवान तो वहां मौजूद ही नहीं हैं। वह शायद उस ओर चला गया है, जहां हल चलाने वाला, पथरीली कठोर भूमि को जोत रहा है। मशक्कत हो रही है, बंजर को उपजाऊ बनाने की।' एक दिशा में अल्लाह का नूर बरसता है, दूसरी ओर गुरु नानक अपने प्रिय शिष्य भाई मरदाना के साथ एक ओंकार का आलाप दे रहे हैं।

टैगोर फिर याद कराते हैं, ईश्वर ने तो सदियों पहले भी बता दिया था कि वह विनम्रता के वस्त्र पहनता है। भक्तों की कतार में सबसे पीछे खड़े विपन्न लोगों के घरों में अक्सर चला जाता है। उसे धूप भी पसंद है और पसीने की बारिश में भीगे मेहनतकश श्रद्धालु भी।

मगर रवींद्र नाथ टैगोर की कौन सुनेगा। यहां अमेठी के एक सारस को लेकर सियासी जंग छिड़ी है। वहां एक घायल सारस को पगडंडी के एक तरफ तड़पते देखकर एक व्यक्ति उसे वहां से उठाकर घर ले आया। उसकी मरहम पट्टी की। दाना चोगा, दिया, पानी पिलाया। घावों पर हल्दी का लेप लगाया। एकाध दिन बाद सारस अपनी लम्बी गर्दन उठाकर आसपास की दुनियां को देखने लगा। मददगार की आंखें भी नेकी व सुख के एहसास से सरोबार थीं। सारस और उस इंसान की इस मुहब्बत की चर्चाएं फैलने लगीं। तभी एक राजनेता भी उस दिलचस्प मुहब्बत का गवाह बनने वहां आ धमके। उनके आगमन के साथ ही विरोधियों को लगा, कहीं लोकप्रियता की इस धुन में नेताजी उस सारस-प्रेमी को चुनावी टिकट ही न थमा दें। तभी सरकारी कारिंदों ने वहां छापा मारा। सारस को वहां से ले जाकर एक चिड़ियाघर में डाल दिया गया। सारस-प्रेमी शख्स को एक वन्य प्राणी को घर में कैद करने के आरोप में सलाखों के पीछे धकेल दिया।

दरअसल, सारस व उसे बचाने वाले व्यक्ति के चर्चे ना सिर्फ सोशल मीडिया पर हैं, बल्कि प्रत्येक इंसान की जुबां पर भी हैं। लोगों में सारस के संबंध में जानने की प्रवृति और जिज्ञासा बढ़ गई है। सारस जबसे चर्चाओं में आया है, लोग गूगल पर सारस के बारे में सर्च कर रहे हैं। सारस की विभिन्न प्रजातियों के संबंध में जानकारियां जुटा रहे हैं। हम कह सकते हैं कि सारस की इस घटना ने शासन प्रशासन, सियासत और पक्षी प्रेमी सबको गहरी नींद से जगा दिया। अब इसी प्रकरण को लेकर पूरे क्षेत्र में सियासत की आग धधक रही है। धीरे-धीरे मज़हबी नेता भी रमज़ान को भूलकर उसी आग को हवा देने में लग गए और अब मामला अदालत में है। अगली सुनवाई तक तनाव जारी रहेगा। परिंदों को राजनेताओं की भाषा, नारे व धरने समझ नहीं आते। मगर अब वे भी सावधान रहेंगे।



लाख घाव आएं, मगर इंसानों की मदद से दूर रहने में ही उनका भला है।

हर वर्ष हमारे देश की कुछ झीलों व नदियों के किनारों पर विदेशों से भी परिंदे आते रहे हैं। चंडीगढ़, सुल्तानपुर, हरीके पत्तन व अन्य स्थानों पर इन विदेशी परिंदों के स्वागत में जश्न भी होते हैं। मगर इस बार शायद परिंदे भी डरे-डरे रहेंगे। क्या मालूम, कहां पर उन्हें कौन सा राजनेता या दल, सियासी मुद्दा बना डाले।

बात मामूली है। एक सारस व एक मामूली इंसान की प्रेम कथा। मगर यह पहलू बेहद खतरनाक है कि कोई भी सियासी-शिकारी किसी मासूम सारस को अपने जाल में फंसा ले जाए और नारा लगाने लगे 'सारस जी! संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं।' कानपुर चिड़ियाघर के निदेशक केके सिंह के अनुसार, अभी सारस को 15 दिन के लिए पृथक किया गया है, इसलिए निगरानी करने वाले व्यक्ति के अलावा कोई भी पक्षी से नहीं मिल सकता, ना ही उसके पास जा सकता है।

सपा नेता अखिलेश यादव ने सारस के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि सारस प्रेमी आरिफ ने बहुत अच्छा काम किया और उसकी समय पर मदद की। इलाज कराया और उसकी जान बचाई। इसके बाद सारस उसका मित्र बन गया। कायदे से आरिफ को सम्मानित करना चाहिए था। उत्तर प्रदेश में इटावा और मैनपुरी ऐसे जिले हैं जहां सारस पक्षियों की संख्या पांच हजार के आसपास पाई जाती है। इसी वजह से समाजवादी सरकार में इटावा में सारस संरक्षण केंद्र की स्थापना का खाका तैयार किया गया था, जिस पर एक करोड़ की शुरुआती राशि भी जारी कर दी गई थी। इस पर करीब दो करोड़ के खर्च होने की संभावना थी। एक हरियाणवी नेता ने तो कह डाला है, 'चाळा तो फेर पाटैगा, जद कोए राजनीतिक पार्टी आरिफ नै टिकट देण पै अड़ जैगी'।

कभी-कभी ऐसा नहीं लगता कि पूरा सामाजिक परिवेश ही बीमार पड़ने लगा है? दूर-दूर तक सुख-शांति का कोई नामोशिान नहीं। पूरा देश, '...हटाओ', 'बचाओ...' के नारों में व्यस्त है। हर नेता पर 'चोरी' या 'चोरों से यारी' के आरोप चस्पां हो रहे हैं। तो क्या मान लिया जाए कि हम सब, 'चोरों की बस्ती' के वासी हो गए हैं?

इस स्थिति से उबरना ज़रूरी हो चला है। इस तथ्य को स्वीकार करें कि व्यावहारिक धरातल पर विकास के अनूठे द्वार खुले हैं। प्रौद्योगिकी पिछले एक दशक में काफी विकसित हुई है। सीमा-सुरक्षा की दिशा में अभूतपूर्व मज़बूती आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी छवि अब एक मज़बूत राष्ट्र की है। मगर सौहार्द व पारस्परिक स्नेह-संवाद की फसलें निरंतर बर्बाद होती जा रही हैं और यह ऐसी बर्बादी है, जिस पर कोई मुआवज़ा तो क्या मिलेगा, जुर्माना अवश्य लगता है।

(लेखक वरिष्ठ विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना



'योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना है।' योग सिर्फ कसरत नहीं है, बल्कि किसी विशेष परिस्थिति में दक्षता के साथ यदि आप कार्य कर रहे हैं, तो वह भी योग ही है। नवीनता, पूर्वाभास, कौशल और बेहतर संवाद, ये सभी योग के ही प्रतिफल हैं। यह शरीर, मन और भावनाओं को सार्वभौमिक ऊर्जा के साथ जोड़ता है। योग का अर्थ है-



जोड़ना। जीवन के समस्त तत्वों को विधिवत जोड़ना। धन से हमें खुशी और आराम मिलता है। योग एक ऐसा धन है, जिससे हमें संपूर्ण आराम मिलता है। योग से न सिर्फ हमारा शरीर रोगमुक्त होता है, बल्कि समाज भी हिंसा रहित होता है। संशय से मुक्त मन, बुद्धि की स्पष्टता, आघात मुक्त स्मृति और दुख से मुक्त आत्मा तो प्रत्येक मानव जीवन का अधिकार है। सभी लोग इस मकसद को पाने के लिए तड़प रहे हैं। योग इसका आसान-सा उत्तर है। लोग सोचते हैं कि योग महज कसरत भर है। ऐसा नहीं है। आज यह जानकर प्रसन्नता होती है कि योग के महत्व को पहचानकर उसे मुख्य धारा में लाया जा रहा है। विश्व भर में योग आराम, खुश रहने और रचनात्मकता का पर्याय माना जाने लगा है। योग तो व्यक्ति का व्यवहार बदल देता है। व्यवहार व्यक्ति के तनाव के स्तर से सीधे संबंध रखता है। यह उस व्यक्ति में मित्रता के भाव जाग्रत करता है। योग हमारे वाइब्रेशन में फर्क लाता है। हम अपनी उपस्थिति से कई बार बहुत कुछ अभिव्यक्त कर देते हैं, जितना कि हम बोलकर नहीं कर सकते।

संकलित

**दर्शन**

## मन की एकाग्रता जरूरी, चंचलता से भटकाव



जिसने भी अपने मन को साध लिया उसके लिए हर लक्ष्य आसान हो जाता है। मन की एकाग्रता हमें हमारी आत्मा से साक्षात्कार कराकर हमारी सफलता के नए द्वार खोलती है। इसलिए आज से ही मन को साधने में जुट जाइए। मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार-बार हमें हमारे लक्ष्यों



से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। मन का अधिक झुकाव विषयों एवं विकारों की तरफ रहता है। वहां पर हमें इसको बांधने और रोकने की जरूरत महसूस होती है। इसके लिए गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं, 'हे अर्जुन यदि तुम धीर मति वाले और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हो तो मन की चंचलता पर काबू पाया जा सकता है। मन का मुंहजोर घोड़ा आरंभ में सवार को अपनी पीठ पर आसीन नहीं होने देता है, लेकिन अगर बार-बार कोशिश की जाए तो वह उसे सवार भी होने देगा, उसकी बात मानेगा और उसकी इच्छा के अनुसार चलेगा भी, पर सबसे कठिन होता है मन को किसी एक लक्ष्य पर टिका कर रखना। मन के दृढ़ निश्चयी होने पर ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी को कहते हैं अभ्यास की तलवार चलाना।

संकलित

**प्रेरणा**

## कृषि संकट

विकेश कुमार बडोला



# बेमौसम बारिश की मार से बेहाल आधा भारत

माघ के उत्तरार्द्ध से लेकर अभी तक पूरे उत्तर और मध्य भारत का मौसम अपूर्व रूप में अस्थिर है। पांच-छह बार तेज बारिश हो चुकी है। ओलों की बौछारें हो चुकी हैं। बर्फबारी भी हुयी है। इतना ही नहीं, बारिश, ओलों और बर्फबारी के साथ-साथ अंधड़, आंधी, तूफान ने जन-जीवन अत्यंत असहज कर दिया है। किसानों पर इस विकृत ऋतु परिवर्तन का सर्वाधिक बुरा प्रभाव पड़ा है। खेतों पर खड़ी उनकी फसलों को नुकसान हुआ हैं। कहीं-कहीं तो बेमौसम बारिश का असर इतना रहा कि फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। अगैती रबी की फसलें भी खेतों से कट नहीं पाई थीं कि मौसम की मार शुरू हो गई। पिछैती रबी की फसलों की तो और भी ज्यादा दुर्गति हो गई है। अगैती फसलें पक कर कटने को तैयार थीं और वर्षा में गीली-सीली हो चुकी हैं। अब तेज धूप में उन्हें सुखाकर काट-छांट कर सुरक्षित रख दिया जायेगा। लेकिन पिछैती फसलें तो अभी पूरी तरह पकी भी नहीं थीं। वे वर्षा में गीली तो हुई हैं साथ ही तेज अंधड़ और ओला व बर्फबारी से वे धराशायी भी हो गईं। ऐसे में जलवायु स्थिर होने और तेज सूर्यप्रकाश के बाद उनके पकने में समय लगेगा। पैदावार की ऐसी समय-बढ़ोतरी फसलों के लिये ही हानिकारक नहीं होती, अपितु इससे किसानों की किसानी लागत में भी वृद्धि होती है। परिणामस्वरूप, बाजार में भी अनाज के लेन-देन में महंगाई होती है। इससे अंततः संपूर्ण अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। संपूर्ण उत्तर एवं मध्य भारत में गेहूं, सरसों, चना, इत्यादि की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हुई है। जो फसलें कुछ हद तक मौसम की मार से बची भी हुई हैं, उनका समयबद्ध निस्तारण भी तब ही संभव हो पायेगा जब मौसम में ठहराव आयेगा। जब तक ऋतु में फाल्गुन-चैत्र की प्राकृतिक स्थिरता नहीं आयेगी, तब तक फसलों की निर्विघ्न कटाई-छंटाई और भंडारण आसान नहीं होगा। ऋतु का यह दुष्चक्र फसलों की बर्बादी तक ही सीमित नहीं है। इस ऋतु में बीमारियां भी नये-नये संक्रमण फैलाती हैं। कोरोना और सर्दी-खांसी-जुखाम से पीड़ति लोग इस वातावरण में पहले से ज्यादा परेशान होते हैं। स्वास्थ्य व्यवस्थायें चरमरा जाती हैं। इस प्रकार व्यक्ति का सामान्य जीवन आखिर में कष्टों के चक्रव्यूह में फंस के रह जाता है।

जलवायु विकृतियों, पर्यावरण के असंतुलन और बेमौसम बरसात से पीड़ति जन-जीवन की चिंताओं से अलग देश के राजनेता भौंडी और किंचित अस्वीकार्य राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे। केंद्र में विपक्ष के रूप में मौजूद कांग्रेस की दलगत नीतियां सज्जन और संवेदनशील भारतीय के लिये भयानक सिरदर्द बन चुकी हैं। और जिन राज्यों में कांग्रेसी सरकारें हैं वहां भी सरकारों और नेताओं द्वारा ऐसा ही सिरदर्द उत्पन्न किया जा रहा है। केंद्र में विपक्ष में रहते हुये सत्तापक्ष को वैश्विक और देशज स्तर पर असंतुलित होते जा रहे पर्यावरण पर अच्छे सुझाव देने तथा समग्र पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में मिलजुल कर काम करने के बजाय विपक्ष अति अनावश्यक विवाद ही पैदा कर रहा है। ऐसे में देश नहीं चल सकता। ऐसे में लोकतंत्र मजाकिया नौटंकी के सिवा कुछ भी प्रतीत नहीं होता। अतः विपक्ष अपनी जिम्मेदारी समझे। जनता के प्रति अपने कार्य दायित्वों का एहसास करे और इसी अनुरूप अपनी नीतियां बनाकर उन पर चले। मौसम की अस्थिरता और विचलन की समस्या आज किसी भी देश की उसकी अपनी अकेली समस्या नहीं है। इस समस्या की उत्पत्ति किसी विशेष देश के मानचित्र को देखकर तय नहीं होती। यह वैश्विक समस्या है। यदि जलवायु प्राकृतिक रूप में नहीं रहेगी तो पृथ्वी का जीवन ही संकट में आ जायेगा। जनसंख्या के बोझ ने राष्ट्र के लिये पहले ही बड़ी चुनौती खड़ी कर रखी है। जनसंख्या के केंद्रीकरण यानी सुविधाजनक शहरों में ज्यादा से ज्यादा आबादी के सीमित स्थान पर रहने से जनसंख्या के सहघनता की नई समस्या खड़ी हो गई है। ऐसे में मौसम के दिन प्रतिदिन बिगड़ते रुख से हम मूलभूत जीवन आवश्यकताओं का समुचित प्रबंध भी कैसे कर पायेंगे? स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक खाद्यान्न, उत्तम स्वास्थ्य सुविधायें और संतुलित राष्ट्रीय प्रगति हेतु अनिवार्य एक-एक नागरिक के शिक्षा-अधिकार से लेकर के उसके मताधिकार तक की शिकायतमुक्त व्यवस्था कैसे क्रियान्वित होगी? इसलिये लोकतंत्र और इसके पक्ष-विपक्ष को प्रकृतिजनित और अयोग्य राजनीतिजनित समस्याओं के निस्तारण की दिशा में ही कार्य करना चाहिये।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत में डिजिटल लेन-देन की चुनौतियां

देश का हर पल एक पैसा भी विदेश जाने से बचे तो यह हमारे देश के लिए बहुत अच्छा है। डिजिटल लेन-देन के लिए जो विदेशी किसी भी तरह के प्लेटफार्म है वो हमारे देश के लिए उचित नहीं है, क्योंकि इनके जरिए हमारे देश का पैसा विदेश जाता है। शायद इसलिए ही मोदी सरकार ने स्वदेशी रूपे कार्ड और भीम यूपीआई का श्रीगणेश किया। लेकिन हमारा देश गांवों का देश है और यहां अशिक्षित लोगों का आंकड़ा भी कम नहीं है। इसलिए हमारे यहां डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलना भी मुश्किल है। इसमें कुछ समस्याएं भी आम लोगों को पेश आ रही हैं। इसमें मुख्यतः साइबर अपराध और ट्रांजैक्शन फेल आदि हैं। -विकास ठाकुर

## ट्रेंड

### एक लीजेंड थे दुर्रानी



सलीम दुर्रानी जी महान क्रिकेटर थे और अपने आप में एक संस्थान थे। उन्होंने विश्व क्रिकेट में भारत के उत्थान में अहम योगदान दिया। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और मित्रों को सांत्वना। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पहले घर सुधारे कांग्रेस



कांग्रेस को विपक्षी एकता बनाने के लिए पहले अपना घर सुधारना चाहिए। विपक्षी दलों के सामने कई विकल्प हैं तथा इस देश के पास नेतृत्व का खजाना है। हम इस देश तथा लोकतंत्र की रक्षा करने में सबसे आगे खड़े होंगे।

# आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। टारगेट हासिल करने में आपको किसी करीबी की मदद मिलेगी। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाएंगे जहां आप कोई मन की बात भी शेयर कर सकते हैं। आपको मानसिक शांति मिलेगी। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। भविष्य के लिए योजनाएं बनाने के लिए आज का दिन बहुत ही उत्तम है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपकी मेहनत का अच्छा फल जल्द ही आपको मिलेगा। अतः आप अपनी मेहनत जारी रखें। आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है जिसे आप अपने विवेक से सुलझा लेंगे। ऑफिस में आप सबकी मदद के लिये तैयार रहेंगे। आज आप अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर करने की सोचेंगे। लवमेट्स के साथ रिश्ते में मजबूत बनी रहेगी। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको समाज में मान-सम्मान मिलेगा। आपको गर्व महसूस होगा। आज घरवालों की इच्छाओं को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। साथ ही काम पूरा करने में आपको किसी सहकर्मी की मदद भी मिलेगी। आपके करियर में अचानक कुछ बदलाव आयेंगे। आज आपको धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा, लेकिन खर्चों को लेकर थोड़ी सावधानी जरूर बरतें।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको बिजनेस में किये गये काम में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आपकी भौतिक सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिये आप बाहर जा रहे हैं तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं तो आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का कोई अच्छा अवसर मिलेगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको किसी काम की वजह से अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है। आप किसी व्यक्ति को उसके अंदर छिपे हुनर को बताएंगे। आज आपको घर की कुछ नई जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आपका कोई मित्र आपको अपने घर पर डिनर के लिए आमंत्रित करेगा, जिससे आपकी दोस्ती पहले से और अधिक मजबूत होगी।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप माता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जा सकते है जहां आपकी किसी से दोस्ती भी हो सकती है। आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। अगर आप बहुत दिनों से घर का कोई जरूरी काम पूरा करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आज वो काम पूरा होगा। इस राशि के छात्रों को अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम हासिल होगा।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। आज आपका पेपर वर्क पूरा न होने से किसी काम में रुकावट आएगी, लेकिन जल्द ही उसे पूरा करने में सफल होंगे। आप अपने काम को अच्छी दिशा देने के लिए जितना प्रयास करेंगे, आपके लिए उतना ही बेहतर होगा। कार्यालय में अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनाएंगे। इस राशि के छात्रों का मन पढ़ाई से थोड़ा भटक सकता है। लवमेट्स आज शॉपिंग करने जा सकते हैं।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों को कोई मन मुताबिक प्रोजेक्ट मिलने से प्रसन्नता होगी, आप अपने कामों में व्यस्त रहेंगे। आपके घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने सभी काम मेहनत से करेंगे। आपकी मेहनत रंग लाएगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप जिस काम की शुरूआत करेंगे उसे समय से पूरा करने में सफल होंगे। आप किसी की मदद करेंगे इससे आपको सुकून मिलेगा। आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। ऑफिस में भी काम के प्रति माहौल अच्छा रहेगा। आप अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। इस राशि के छात्र अपनी पढाई में व्यस्त रहेंगे, आपकी मेहनत के अनुसार जल्द ही आपको फल मिलेगा। आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप ईश्वर की अराधना में मन लगाएंगे इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे। आज आपकी पदोन्नति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपकी योजना में पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलने से खुशी बढ़ेगी। आपका स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा, अपने आप को रिलैक्स फील करेंगे। आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स प्राप्त होगा। आपको अपने काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। अगर आप कोई नया रोजगार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं तो आपका जीवनसाथी आपकी आर्थिक रूप से मदद के लिए भी तैयार रहेगा।



## प्रभास ने 'सालार' से अपनी ही फिल्म 'बाहुबली 2' को दी मात

**चेन्नई।** प्रभास ने बाहुबली की सफल फ्रेंचाइजी में अपनी एक्टिंग से हर किसी को हैरान किया। इस मूवी के बाद से प्रभास की पॉपुलैरिटी हिंदी बेल्ट में भी काफी ज्यादा बढ़ गई। वहीं, अब एक्टर के फैंस उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट पर नजरें गड़ाए हुए हैं। गौरतलब हो कि प्रभास जल्द ही फिल्म 'सालार' में नजर आने वाले हैं। रिलीज से पहले ही इस फिल्म के मेकर्स को बड़ी सफलता हाथ लगी है। फिल्म के ओवरसीज राइट्स की डील की कीमत चौंकाने वाली है। 'सालार' के ओवरसीज राइट्स 90 करोड़ में बिके हैं। इस बात की जानकारी हेल प्रभास ने ट्वीट कर दी है। बताते चलें कि यह किसी भी भारतीय फिल्म के लिए विदेशों में बिकने वाले राइट्स की सबसे बड़ी डील है। इतना ही नहीं इस राइट्स की डील के साथ ही प्रभास ने अपना ही पिछला रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है।



### लाइफ Style

## दीपिका पादुकोण फिर सरप्राइज की तैयारी

शाहरुख खान ने 'पठान' बन बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया। वहीं, अब फैंस किंग खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो, शाहरुख ने इस मोस्ट अवेटेड एक्शन एंटरटेनर फिल्म के मुख्य हिस्सों की शूटिंग पूरी कर ली है। अब 'जवान' के गानों को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे जान एक्टर के फैंस और ज्यादा खुश हो उठे हैं।

**मुंबई।** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'जवान' की टीम अब अप्रैल के महीने में 10 दिनों तक दो गानों की शूटिंग करेगी। एक मीडिया संस्थान को सूत्र से पता चला है, 'शाहरुख खान और नयनतारा अप्रैल के पहले सप्ताह में मुंबई में जवान के पहले गाने की शूटिंग करेंगे, जिसे अनिरुद्ध कंपोज कर रहे हैं।' पहले गाने की शूटिंग के बाद शाहरुख अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही दूसरे गाने की शूटिंग के लिए सेट पर पहुंचेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 'इस गाने के लिए शाहरुख खान के साथ दीपिका पादुकोण भी शामिल होंगी।' गौरतलब हो कि शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जोड़ी ने फिल्म 'पठान' से लोगों को दीवाना बनाया है। वहीं, अब एटली इस जोड़ी की पॉपुलैरिटी को फिर से भुनाना चाहते हैं। दीपिका-शाहरुख को फिर से साथ देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। हालांकि, अबतक इन मीडिया रिपोर्ट्स की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। 'जवान' फिल्म की बात करें तो इसके वीएफएक्स और पोस्ट-प्रोडक्शन पर दिन-रात काम जारी है। वीएफएक्स के साथ फिल्म की अंतिम प्रिंट 10 मई तक लॉक हो जाएगी। इसके बाद 'जवान' 2 जून 2023 को पर्दे पर दस्तक देगी। जानकारी के लिए बता दें कि 'जवान' फिल्म में विजय सेतुपति नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं, इस फिल्म के जरिए एटली अपने हिंदी निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं।

### हॉलीवुड मसाला



## नीलाम हो रही है अभिनेता द्वारा चबाई गई च्युइंग गम

**न्यूयार्क।** ऑनलाइन ई कॉमर्स साइट ई-बे पर इन दिनों एक खाया हुआ च्युइंग गम बिक रहा है। जी हां, एक मामूली च्युइंग गम, वो भी चबाया हुआ, ऑनलाइन बिक रहा है। अगर आप इतने में हैरान हो गए तो अभी रुकिए, आपको इससे भी ज्यादा हैरानी तब होगी जब आप इस च्युइंग गम का दाम जानेंगे।

आपको सुनकर यकीन होगा, लेकिन ये सच है कि 'आयरन मैन' फेम रॉबर्ट डाउनी जूनियर की चबाकर थूकी हुई च्यूइंग गम को ऑनलाइन बेचा जा रहा है, जिसकी कीमत सुनकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। रॉबर्ट की चबाकर थूकी हुई च्यूइंग गम की नीलामी हो रही है।



## चलेगा एक्शन थ्रिलर 'प्लेन' का जादू, लायंसगेट प्ले पर फिल्म देगी दस्तक

**लॉस एंजेलिस।** अपनी सीट की पेटी बांध लें और जेरार्ड बटलर के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाएं! बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता के बाद 'प्लेन' 14 अप्रैल को विशेष रूप से भारत में लायंसगेट प्ले पर अपना डिजिटल प्रीमियर करने के लिए तैयार है। जेरार्ड बटलर और माइक कोल्टर स्टारर किरकिरा-एक्शन थ्रिलर एक कमर्शियल पायलट की कहानी है, जिसे अपने साथी बंधकों को समुद्री लुटेरों से बचाने के लिए एक अपराधी से मदद लेने की जरूरत है। जीवन-या-मृत्यु परिदृश्यों के साथ डार्क एक्शन एडवेंचर का वादा करने वाला बॉक्स ऑफिस स्टनर 'प्लेन' भारत में विशेष रूप से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम होगा। फिल्म के टीम मेंबर के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए अभिनेता जेरार्ड बटलर ने कहा, ₹हमारे पास एक शानदार क्रू टीम थी।



## गिगी को गोद में उठाकर डांस करने पर ट्रोल हुए वरुण

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर कूल एक्टर वरुण धवन आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। हाल ही में, अभिनेता नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) के लॉन्च समारोह में शामिल हुए। इस इवेंट में वरुण के अलावा बॉलीवुड के कई दिग्गज स्टार्स भी शामिल हुए थे। अब इस इवेंट से वरुण का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहे है, जिसमें वह गिगी हदीद गोद में उठाते और उनके गालों पर किस करते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के लेकर वरुण को काफी ट्रोल किया जा रहा है। एनएमएसीसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बी टाउन के कई स्टार्स परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में वरुण का भी एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें गिगी हदीद को उठाते हुए और गालों पर किस करते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो में वरुण मॉडल को एक घेरे में घुमाने से पहले उन्हें उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। मंच से नीचे उतारने से पहले, वह गीगी के गालों पर एक किस भी करते हैं।



## सामंथा ने आखिर तोड़ी चुप्पी, बोलीं- बहुत डार्क जगह पर थी

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की स्टार सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। बॉलीवुड में भी उनके लाखों की संख्या में फैंस हैं। उन्होंने मनोज बाजपेयी के साथ द फैमिली मैन सीजन 2 में बेहतरीन अभिनय किया था। इस सीरीज में एक्ट्रेस के अभिनय की जमकर सराहना भी हुई थी। वहीं अब एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और वरुण धवन की ग्लोबल स्पाई सीरीज सिटाडेल में नजर आने वाली हैं। साथ ही उनके पास विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म कुशी भी है। सभी जानते हैं कि एक्ट्रेस की नागा चैतन्य के साथ शादी टूट चुकी है। इस शादी को लेकर हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान बात की है। समांथा ने अपने उस बुरे फेज को लेकर बात की है, कि किस प्रकार से चीजें कभी भी आसान नहीं थीं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के सबसे कठिन समय के दौरान, मैं एक बहुत ही अंधेरी जगह पर थी, और मेरे पास वाकई में डार्क विचार थे। मैं इन विचारों को नष्ट नहीं होने देने वाली थी, इसका मतलब है कि मुझे एक कदम आगे देखना शुरू करना होगा।

### टीवी मसाला

## 'बालिका वधु' की प्रत्यूषा को याद कर छलका काम्या पंजाबी का दर्द



**मुंबई।** टीवी की सबसे पॉपुलर अभिनेत्री काम्या पंजाबी के अभिनय के फैंस दीवाने हैं। काम्या पंजाबी छोटे पर्दे के कई टीवी शोज में भी नजर आ चुकी हैं। काम्या पंजाबी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस से बहुत प्यार करती हैं, लेकिन जब कोई यूजर उन्हें ट्रोल करने की कोशिश करता है तो वह जवाब देने से भी पीछे नहीं हटती हैं। हाल ही में, काम्या ने 'बालिका वधु' फेम प्रत्यूषा बनर्जी को याद कर एक वीडियो शेयर किया है। काम्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रत्यूषा बनर्जी की याद में फैंस संग एक वीडियो साझा किया है। यह वीडियो कुछ तस्वीरों का कलेक्शन है। इन तस्वीरों में काम्या के साथ अभिनेत्री प्रत्यूषा बनर्जी नजर आ रही हैं। पुराने दिनों को याद करते हुए काम्या ने इस इमोशनल वीडियो को शेयर किया है। साथ ही बहुत ही भावुक कर देने वाला कैप्शन दिया है। फैंस भी इस वीडियो को देखकर काफी इमोशनल हो रहे हैं।

## बेहद लग्जरी लाइफ एंजॉय करते हैं कपिल शर्मा



**मुंबई।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा आज यानी दो अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से कॉमेडी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कपिल बॉलीवुड में सिंगर बनने का सपना लेकर आए थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। एक्टर को पहचान सिंगिंग से नहीं बल्कि कॉमेडी से मिली। आज उनका नाम भारत के दिग्गज और अमीर कॉमेडियन की लिस्ट में शामिल है। कपिल टीवी के सबसे पॉपुलर कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' होस्ट करते हैं। उनके इस शो में अलग-अलग क्षेत्र के कई दिग्गज शिरकत करते हैं और शो के सेट उनके साथ जमकर मस्ती करते नजर आते हैं। उन्होंने सबसे पहले टीवी के चर्चित कॉमेडी शोज 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' और 'फैमिली टाइम विद कपिल' को होस्ट किया। उसके बाद वह 'कॉमेडी नाइट विद कपिल' में नजर आए। कपिल के ये सारे शोज काफी हिट रहे। एक सफल कॉमेडियन होने के साथ-साथ कपिल एक अभिनेता के तौर पर भी जाने जाते हैं। उन्होंने अब्बास मस्तान के निर्देशन में बनी फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' से फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद वह फिल्म 'फिरंगी' में भी नजर आए।

## निर्देशक प्रदीप सरकार की प्रार्थना सभा में पहुंचे बॉलीवुड सितार

**मुंबई।** बीते 24 मार्च को फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने निर्देशक प्रदीप सरकार का निधन हो गया था। उन्होंने 67 साल की उम्र में ही दुनिया को अलविदा कह दिया था। प्रदीप सरकार के असामयिक निधन से पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री अभी भी सदमे में है। निर्देशक के परिवार ने आज यानि 2 अप्रैल को मुंबई में उनकी याद में एक प्रार्थना सभा आयोजित की। इस कार्यक्रम में सिनेमा जगत के तमाम सितारे पहुंचे और सभी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। प्रदीप सरकार को काफी समय से उम्र संबंधी बीमारियां थीं। उनके अंतिम संस्कार में रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, विद्या बालन, नील नितिन मुकेश और कई अन्य सितारे पहुंचे थे। अब 10 दिनों के बाद दिवंगत फिल्म निर्माता के परिवार वालों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस दौरान यहां सैफ अली खान, दृष्टि धामी, गीतकार स्वानंद किरकिरे, सीबीएफसी चीफ प्रसून जोशी, बरखा सिंह समेत अन्य लोग दुख जताने पहुंचे।



### इन फिल्मों का किया निर्देशन

प्रदीप सरकार की फिल्मों की बात करें तो साल 2005 में उन्होंने परिणीता के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'लागा चुनरी में दाग', 'लफंगे परिंदे', 'मर्दानी' और 'हेलीकाप्टर ईला' का सफल निर्देशन किया था। निर्देशक को उनके काम के लिए कई पुरस्कार से भी नवाजा गया है। प्रदीप को फिल्म फेयर अवॉर्ड और जी सिने अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके निधन पर बॉलीवुड काफी दुखी है।

## बॉलीवुड की घटिया राजनीति की पोल खोल चुके हैं ये सितारे

**मुंबई।** मनोरंजन जगत की चकाचौंध के बीच कई ऐसी चीजें हैं, जिनका जिक्र समय-समय पर सितारे करते रहते हैं। कभी इंडस्ट्री में नेपोटिज्म का मुद्दा गहराता नजर आता है। तो कभी शोबिज की दुनिया से भेदभाव का मामला सामने आता है। इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो आज अपनी मेहनत के दम पर लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुके हैं।

### प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में हिंदी सिनेमा को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिसे जान हर कोई दंग रह गया। ग्लोबल आइकन ने खुलासा करते हुए बताया कि उन्हें बॉलीवुड इंडस्ट्री से दर-किनार कर दिया गया था। देसी गर्ल ने साफ कहा कि उन्हें काम मिलना बंद हो गया था। एक्ट्रेस, बी-टाउन की अंदरूनी राजनीति से तंग आ चुकी थीं। हर अपनी पहचान बनाने निकल गईं।

### कंगना रनौत



कंगना रनौत हमेशा से ही इंडस्ट्री के अंदर होने वाली राजनीति का कच्चा-चिट्ठा खोलती नजर आई हैं। इसी का नतीजा है कि कंगना को इन दिनों काम मिलना बेहद कम हो गया है। फिलहाल, कंगना जिन फिल्मों में नजर आ रही हैं, उन्हें वो खुद प्रोड्यूस करती हैं। पंगा क्वीन को अक्सर करण जौहर और महेश भट्ट जैसे फिल्ममेकर पर बड़े-बड़े आरोप लगाते देखा जाता है। इतना ही नहीं इंडस्ट्री के अंदर फैली पॉलिटिक्स को देखते हुए एक्ट्रेस ने साउथ सिनेमा का रुख कर लिया है।

### रवीना टंडन



रवीना टंडन ने बिना नाम लिए मनोरंजन जगत में बड़े लेवल पर चल रही राजनीति का पर्दाफाश किया था। एक्ट्रेस ने कहा था कि इस इंडस्ट्री में कई ऐसे लोग हैं, जो आपकी असफलता के लिए प्लान करते हैं। रवीना ने कहा था कि ये लोग आपको गिरते हुए देखना चाहते हैं, जिसकी वजह से आपको बाहर का रास्ता दिखाया जा सके।

### तनुश्री दत्ता



तनुश्री दत्ता ने ना सिर्फ मनोरंजन जगत में होने वाली राजनीति का खुलासा किया बल्कि उन्होंने मीटू-मूवमेंट के दौरान एक बड़े सितारे पर आरोप भी लगाया। तनुश्री ने साफ किया कि इन मूवी माफियाओं की वजह से उन्हें काम मिलना बंद हो गया जिसकी वजह से उन्हें इंडस्ट्री छोड़कर जाना पड़ा। अब तनुश्री पर्दे से पूरी तरह गायब हो चुकी हैं।

### मनोज बाजपेयी



मनोज बाजपेयी ने आउटसाइडर होने के बाद भी अपनी अलग पहचान बनाई है। एक्टर का टैलेंट ही है कि उन्हें आज के समय में हर कोई पहचानता है। हालांकि, एक समय ऐसा था जब वह इंडस्ट्री में चल रही राजनीति से परेशान हो गए थे। एक्टर ने कहा था कि बॉलीवुड में आउटसाइडर्स को बराबर की इज्जत नहीं दी जाती। मनोज ने तो यह तक कह दिया था कि इस इंडस्ट्री में टैलेंट का सबसे ज्यादा दुरूपयोग होता है।

### एआर रहमान



वर्ल्ड फेमस संगीतकार एआर रहमान भी इस राजनीति से अछूते नहीं रहे हैं। संगीतकार ने कहा था कि यहां एक लॉबी है, जो लोगों के जहन में आपके लिए गलत धारणा डालती है। एआर रहमान ने कहा था कि वो हमेशा से ही बेहतरीन काम तलाशते हैं, लेकिन इस इंडस्ट्री की डर्टी पॉलिटिक्स की वजह से वह यहां काम नहीं करना चाहते हैं।

### आज जन्मदिन- अभिनेत्री जयाप्रदा ने दक्षिण भारत के साथ हिंदी फिल्मों में बराबर से सक्रिय रही

## फिल्मी परदे के साथ राजनीति में भी खूब चमकी जयाप्रदा, विवाद साथ-साथ चलते रहे

**मुंबई।** दक्षिण भारत के साथ हिंदी फिल्मों मशहूर अभिनेत्री जयाप्रदा ने 80 और 90 के दशक में अपने करियर की बेहतरीन फिल्में दी, लेकिन एक दौर ऐसा आया, जब उन्होंने अपने फिल्मी करियर से दूरी बना ली। उनकी दोबारा वापसी एक राजनेता के तौर पर हुई। फिल्मी कहानी की तरह इस अभिनेत्री की असल जिंदगी भी रोमांस, एक्शन, ड्रामा से भरपूर रही।



उन्होंने बहुत कम उम्र में अपने करियर की शुरुआत की। 13 साल की उम्र में इंडस्ट्री में शामिल हो चुकीं जया प्रदा ने अपनी फिल्मों और एक्टिंग से उस दौर में टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में जगह बना ली थी। लेकिन फिल्मी करियर में सफलता हासिल करने वाली जयाप्रदा की निजी जिंदगी उनकी सफर और खुशहाल नहीं हो पाई। उनकी निजी जिंदगी से जुड़े कई विवाद हैं। बाद में जयाप्रदा ने राजनीति में सक्रिय हो गईं।

जयाप्रदा (मूल नाम ललिता रानी) का जन्म 3 अप्रैल 1962 में को राजमुंदरी आंध्र प्रदेश में हुआ था। उनके कृष्णा राव था तेलुगू फिल्मों के फाइनेंसर थे। जब जया प्रदा 13 साल की थीं, तो उन्होंने अपने स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में एक डांस परफॉर्म किया था। उस कार्यक्रम में एक फिल्म निर्देशक भी शामिल हुए, जिन्होंने जया प्रदा को नोटिस किया और अपनी तेलुगू फिल्म 'भूमि कोसम' में एक सीन का ऑफर किया। यहां से जया के फिल्मी करियर की शुरुआत हुई। उन्होंने 'भूमि कोसम' फिल्म में तीन मिनट का डांसिंग सीन किया था, जिसके लिए उन्हें उस दिनों मात्र 10 रुपये मिले थे।

साल 1976 में हिट की हैट्रिक के साथ, एक बड़ी स्टार बन गईं. के. बालचंदर की अंतुलेनी कथा, जिसमें उनके नाटकीय कौशल को समेटा गया। के. विश्वनाथ की 'सिरी सिरी मुव्वा' में उन्होंने शानदार नृत्य कौशल वाली एक मूक लड़की की भूमिका निभाई थी. वहीं साल 1979 में उन्होंने इसी फिल्म के हिंदी संस्करण 'सरगम' के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया।

जयाप्रदा एक सशक्त एक्ट्रैस भी थी। एक फिल्म की शूटिंग के दौरान जया प्रदा छेड़खानी की भी शिकार हुईं।सीन शूट करते वक्त उनके को-स्टार दलीप ताहिल ने जया प्रदा को कसकर पकड़ लिया। खुद को दलीप ताहिल के चंगुल से बचाने के लिए जया प्रदा ने जोरदार थप्पड़ जड़ दिया था। इस घटना से वहां मौजूद सभी लोग सन्न रह गए।

### शादी और निजी जीवन पर विवादों का साया

भले ही जया प्रदा ने अपने करियर में सफलता का भरपूर स्वाद लिया लेकिन उनका निजी जीवन विवादों में रहा। जब उनका करियर चरम पर था, उस समय अचानक जयाप्रदा ने साल 1986 में पहले से ही शादीशुदा श्रीकांत नहाटा से शादी कर ली। श्रीकांत नहाटा ने अपनी पहली पत्नी से अलग नहीं हुए थे। जया से शादी के बाद भी उन्होंने अपनी पहली बीवी से बच्चे पैदा किए। जया के पति और उनकी सौतन खुशी खुशी अपने तीन बच्चों के साथ रहते थे। वहीं जया प्रदा की कोई संतान नहीं थी। वह बाद में श्रीकांत से अलग हो गईं।



90 के दौर में खूब चली जयाप्रदा, जीतेंद्र और श्रीदेवी की तिकड़ी

1994 में जयाप्रदा एनटी रामाराव के कहने पर तेलुगू देसम पार्टी में शामिल हो गईं। हालांकि साल 2000 में जयाप्रदा ने तेदेपा छोड़ दी और समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली। कहा जाता है कि सपा में जयाप्रदा को लाने का श्रेय अमर सिंह को जाता है। जया और अमर सिंह की दोस्ती भी राजनीतिक गलियारे में लगातार बनी रहती थी। जब अमर सिंह सपा से अलग हुए तो जयाप्रदा ने भी पार्टी छोड़ दी और लोकदल पार्टी में शामिल हो गईं। हालांकि बाद में वह फिर समाजवादी पार्टी में आ गईं।

# 6 अप्रेल से 14 अप्रेल तक 'सामाजिक न्याय सप्ताह' मनाएगी भाजपा : हर बूथ में जीत का संकल्प लेकर कार्य में जुटे कार्यकर्ता-संजय श्रीवास्तव

## पार्टी के सभी कार्यकर्ता पार्टी की स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर व अध्यक्ष के यहां झंडा लगाने का काम करेंगे।






छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** भाजपा जिला कार्यालय जशपुर में सरगुजा संभाग के प्रभारी संजय श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जिला संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह, सह प्रभारी भरत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में एवं जिला भाजपाध्यक्ष सुनील गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने भाजपा के चल रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्य की मण्डलवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी मण्डलों में भरे गए पत्रक की जानकारी ली। आगे उन्होंने अप्रेल माह में किये जाने वाले संगठनात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। देश में सबसे अधिक विधायक, सांसद, राज्यों में सरकारें एवं केन्द्र में लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गरीब,शोषित, वंचित, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण के प्रति समर्पित है। यह वर्ग प्रधानमंत्री को अपने मसीहा के रूप में देखता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता पार्टी की स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर व अध्यक्ष के यहां झंडा लगाने का काम करेंगे। इस दिन प्रधानमंत्री के संबोधन को सभी लोग सुनेंगे। 6 अप्रैल पार्टी की स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती तक सामाजिक न्याय सप्ताह का आयोजन होगा। जिसके अंतर्गत सामाजिक न्याय सप्ताह में सेवा एवं रचनात्मक कार्यक्रमों की योजना बनाकर कार्यक्रम किया जाएगा। जैसे महापुरुषों की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता के कार्यक्रम, सार्वजनिक स्थानों पर विशेष स्वच्छता का कार्यक्रम, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, बस्तियों में मेधावी छात्रों का सम्मान का कार्यक्रम, वरिष्ठ नागरिक सम्मान का कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रत्येक जिले में पार्टी द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जिसमें जनसंघ के समय से कार्य कर रहे नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर उन्हें आमंत्रित करने के साथ सम्मानित किया जाएगा। उनके अनुभव से प्रेरणा भी लिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली सरकार की वादाखिलाफी से प्रदेश की जनता का मोह भंग हो चुका है, और जनता बड़ी उम्मीदों और आशाओं से उनके हक के लिए संघर्ष करने वाली भाजपा को जनसमर्थन देने के लिए आतुर है। हम सभी को प्रत्येक बूथ पर विजय के संकल्प के साथ जुटना है। जिला भाजपाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने भाजपा के आगामी सभी कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जवाबदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय, जिला संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजशरण भगत, भरत साय, शिवशंकर साय पैंकरा, जिला महामंत्री भरत सिंह, विधानसभा प्रभारी हरपाल सिंह भाभरा एवं राजकुमार अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित साय, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, पुरषोत्तम सिंह ठाकुर, राजकपूर भगत, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, राजू गुप्ता, सुरेश राम भगत, रूपेश सोनी, शरद चौरसिया, गेंदबिहारी सिंह, सालिक साय, गोविंद भगत, संतोष सिंह, सलोने मिश्रा, गणेश जैन, नितिन राय, आनंद शर्मा, सुदाम पंडा, विजय शर्मा, मुनेश्वर सिंह केसर, श्रीनायक मिश्रा, मनोज भगत, संतोष सहाय, केशव यादव, संजीव ओझा, कपिल साय, श्याम भगत, सज्जू खान, दिनेश बड़ाईक, दीपक अंधारे, आशु राय, अभिषेक मिश्रा, दीपक गुप्ता, राजा सोनी, निखिल गुप्ता, दीपू मिश्रा, राहुल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, उमा देवी, शान्ति भगत, नीतू गुप्ता, शारदा प्रधान, उमा शंकर भगत, हेमवती भगत, मनोज भगत सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना से 15 दिन के भीतर एक और मौत



छ.ग.फ्रंटलाइन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना ने फिर से हड़कंप मचा दिया है। मरीजों की रफ्तार तो तेज हुई ही है, अब मौत का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बिलासपुर में 15 दिन के भीतर दूसरी मौत हुई है। इससे पहले महिला की मौत हो चुकी है। जिस संक्रमित की मौत हुई है, वह ग्रामीण इलाके से है।इससे अब कोरोना का संक्रमण ग्रामीण क्षेत्र में फैलने की आशंका है। सबसे चिंता की बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में कोरोना अपना तेजी से पैर पसार रहा है। रतनपुर के पोड़ी में रहने वाले 45 वर्षीय पुरुष की हाथ पैर में दर्द की शिकायत थी, जिसे इलाज के लिए बिलासपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जंहा उसकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। वही इलाके के दौरान मरीज की मौत हो गई। मौत के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। इधर एक माह के आंकड़ो पर गौर करे तो इलाज के दौरान एक 42 वर्षीय महिला और कल देर रात एक 45 वर्षीय पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई है। स्वास्थ विभाग ने ड्रेसिंग और टेस्टिंग के दौरान पाया है कि बड़ी संख्या में लोग थाईलैंड, मुंबई, दिल्ली जैसी अन्य राज्यों से लौट रहे है जिसकी वजह से संक्रमण बढ़ रहा है। अगर प्रदेश की बात करें तो प्रदेश में अब मरीजों की संख्या बढ़कर जहां 155 हो गयी है, वहीं पॉजिटिविटी रेट भी 3.22 हो गयी है। प्रदेश में कोरोना की संख्या छह महीने में सबसे ज्यादा रही। प्रदेश में 47 नये केस आये हैं। धमतरी प्रदेश का नया हाट स्पाट बन गया है। धमतरी में आज कई छात्राएं कोरोना संक्रमित मिली है। स्वास्थ्य विभाग के दिये आंकड़ों के मुताबिक रायपुर में आज सबसे ज्यादा 14 नये मरीज मिले हैं, वहीं धमतरी में 12 और राजनांदगांव में 8 मरीज मिले हैं। प्रदेश के 10 जिलों में आज कोरोना के मरीज मिले हैं, वहीं 13 जिलों में आज एक भी सक्रिय मरीज नहीं हैं. प्रदेश में आज हुए 1458 सैंपल जांच में 47 कोरोना मरीज मिले हैं।

## अब दूसरे राज्य से आने वाले लोगों की होगी कोरोना जांच



छ.ग.फ्रंटलाइन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्य आने वाले अब हर व्यक्ति की कोरोना जांच होगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सैंपल लेने वाली टीम को सक्रिय कर दिया है। जांच में यह बात सामने आ रही है कि पिछले दिनों में जितने भी कोरोना मरीज मिले हैं, उनमे से 70 प्रतिशत की ट्रेवल हिस्ट्री निकली है। जो हाल फिलहाल में किसी दूसरे राज्य से वापस लौटे हैं। ट्रेवल हिस्ट्री वालों पर ध्यान न देने की दशा में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। सीएमएचओ डा. अनिल श्रीवास्तव ने जानकारी दिया है कि कोरोना महामारी तो नियंत्रण में चल रहा है। लेकिन रोजाना मरीज मिल रहे हैं, ऐसे में पर ध्यान देना जरूरी हो गया है। अन्यथा मामले बढ़ सकते है। देखने में यह भी आ रहा है कि अभी मिलने वाले ज्यादातर मरीजों की ट्रेवल हिस्ट्री मिल रही है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर ही बाहर प्रदेश से आने वाले लोगों को कोरोना जांच करने का निर्णय लिया गया है। ताकि संक्रमित मिलने की दशा में तत्काल उपचार किया जा सके। वही यह भी कहा गया है कि इस दौरान जो भी बाहर प्रदेश से आ रहे हैं, वे खुद ही अपना कोरोना जांच कराएं, ताकि वे पूरी तरह से सुरक्षित हो सकें। वहीं यदि संक्रमित मिलते हैं तो उनका जल्द से जल्द इलाज कर कोरोना के सभी मामलों को खत्म किया जा सके। डा. अनिल श्रीवास्तव ने जिलेवासियों को सलाह दी है कि सभी इन दिनों कोरोना गाइडलाइन का पालन करें, ताकि संक्रमण बढ़ने की हर आशंका को खत्म किया जा सके। यह भी कहा कि यदि किसी में कोरोना के लक्षण मिल रहा है और 48 घंटे बाद भी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है, तो इसे पूरे गंभीरता से ले और तत्काल कोरोना जांच कराएं। इससे यह तो पुष्टि हो सकेगी कि आप कोरोना से संक्रमित नहीं है। यदि संक्रमित निकलते है तत्काल इलाज मिल जाएगा।

## राखड़ डैम में पलटी क्रेन, 5 मजदूर घायल



**छ.ग.फ्रंटलाइन, बिलासपुर।** जिले में स्थित एनटीपीसी सीपत के राखड़ डेम के पास हाइड्रा क्रेन पलटने से 5 मजदूर घायल हो गए हैं। इसमें एक मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उसका इलाज चला रहा है। मामला सीपत थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम रांक स्थित एनटीपीसी के दो नंबर राखड़ डेम में ठेका कंपनी के चार मजदूरों को लेकर हाइड्रा चालक डेम के ऊपर राखड़ पाइप की रिपेयरिंग करने के लिए जा रहा था। इस दौरान अचानक हाइड्रा का बैलेंस बिगड़ गया और हाइड्रा लुढ़कते हुए करीब 50 फीट नीचे गिर गई। इस हादसे में 2 मजदूर हाइड्रा से छिटककर बाहर गिर गए। वहीं चालक और अन्य दो मजदूर हाइड्रा में फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद मजदूरों को बाहर निकाला गया। इसके बाद घायल मजदूरों को उपचार के लिए सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

## मनरेगा से लाभान्वित हो रहे किसान, कुएं ने बढ़ाई धान की पैदावार, वीर सिंह के खेतों में फैली हरियाली



छ.ग.फ्रंटलाइन

**बिलासपुर।** जिले के कोटा ब्लाक में आदिवासी बाहुल्य अंचल का एक छोटा सा ग्राम पंचायत कुरदर, जहां वीर सिंह अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन जी रहे हैं। उनकी खुशहाली में मनरेगा के तहत कुआं निर्माण की महत्वपूर्ण भूमिका है। कुआं बनने से उन्हें सिंचाई का एक स्थायी साधन मिला और अब वे धान की अच्छी फसल लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने निरंतर कार्य कर रहे है। मनरेगा के तहत लाभान्वित हुए किसान वीर सिंह बताते हैं कि बारिश के अलावा उनके पास सिंचाई का कोई साधन नहीं था। धान की फसलों के लिए पानी अमृत के समान होता है। पानी का स्थायी साधन नहीं होने से धान की पैदावार में बहुत फर्क पड़ता था। सालभर कड़ी मेहनत करने के बाद भी पौने तीन एकड़ जमीन से केवल 25 से 30 क्विंटल धान की पैदावार हो पाती थी। उनका परिवार बड़ी कठिनाईयों के साथ गुजर बसर कर पा रहा था। उनकी समस्या को देखते हुए रोजगार सहायक ने उन्हें अपनी भूमि पर कुआं निर्माण करवाने की सलाह दी। मनरेगा योजना के तहत उन्हें कुआं निर्माण करवाने के लिए 2 लाख 72 हजार रूपए की राशि स्वीकृत हुई। जिससे उनकी भूमि पर कुआं का निर्माण कराया गया। कुआं निर्माण के बाद उन्हें पानी का एक स्थायी साधन मिला और बारिश की पानी पर निर्भरता भी समाप्त हो गई। सिंह ने बताया कि कुएं में पर्याप्त पानी होने के कारण फसलों की पैदावार में बढ़ोत्तरी हो रही है। अब उनकी जमीन से 40 से 45 क्विंटल धान की पैदावार होने लगी है। कुछ धान को अपने लिए रख कर बाकी बचे धान को बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे है। इसके साथ ही अब उन्हें पीने के पानी के लिए भी दूर नहीं जाना पड़ता है। योजना से मिले लाभ की खुशी जाहिर कर वीर सिंह बताते हैं कि अब उनका परिवार एक खुशहाल जीवन जी रहा है। आर्थिक स्थिति भी अब पहले के मुकाबले बेहतर हो गई है। योजना को वरदान मानने वाले सिंह अब पानी की चिंता से पूरी तरह मुक्त हो गए है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़,जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)
(श्रीमती चन्द्रकला प्रति छ0ग0 शासन)
ईश्तहार
रा0प्र0क्र0 / / ब–121 / 2022–23

नगर / ग्राम मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चंन्द्रकला पति श्री अशोक कुमार निवासी– झगराखाण्ड रोड मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला एम.सी.बी. (छ0ग0) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि आवेदिका ग्राम मनेन्द्रगढ़ स्थित ख0नं0 214 / 16 रकबा .018 हें. भूमि के राजस्व अभिलेखों में दर्जशुदा भूमिस्वामीनी एवं कब्जेदार है। उपरोक्त भूमि पूर्व में श्रीमती नीलम श्रीवास्तव पति श्री शशिभूषण प्रसाद श्रीवास्तव के नाम पर दर्ज थी जो कि न्यायालय अनु0अधि0 (रा0) मनेन्द्रगढ़ के रा.प्र.क्र. 36 / अ–2 / 2009–10 में पारित आदेश दिनांक 09.08.2010 द्वारा आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित भूमि है। आवेदिका न्यायालय कलेक्टर कोरिया बैकुण्ठपुर (छ.ग.) के रा.प्र.क्र. 20221330100001 / अ–21 / 2022–23 में पारित आद. श दिनांक 08.12.2022 द्वारा आदेश प्राप्त करते हुए दिनांक 30.12.2022 को श्रीमती नीलम श्रीवास्तव सक पंजीकृत बैनामा द्वारा क्रय की है। ऐसा आवेदन प्रस्तुत कर आवेदिका पृथक से भू–परिवर्तन (डायवर्सन प्रमाण पत्र) जारी किये जाने का निवे. दन किया गया है। अतः उक्त नाम सुधार के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 07.04.2023 तक पेश कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 29.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मनेन्द्रगढ़, जिला–एम.सी.बी.(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला–सूरजपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–21 / 2022–23
ईश्तहार

आम जनता ग्राम सूरजपुर प.ह.नं. 11 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ. ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक नईम खलीफा आ0 अली राम खलीफा जाति मुसलमान निवासी ग्राम मिश्रागली गोपालपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ. ग. द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य कि भूमि ग्राम सूरजपुर प.ह.नं. 11 स्थित भूमि खसरा नंबर 1976 / 6, 1978 / 7 रकबा 245, 630 वर्गफुट जो नजूल मद कि भूमि है। उक्त भूमि को अनावेदक अफरोज खान आ0 नसीरूद्दीन खान जाति मुसलमान निवासी ग्राम मस्जिद मुहल्ला सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. के पास 260000 / –रुपये में विक्रय करने हेतु सौदा तय हूआ है। आवेदित भूमि का अग्रिम राशि 220000 / –रुपयें अग्रिम राशि प्राप्त कर चुका है। आवेदित भूमि नजूल मद से पट्टे पर प्राप्त होने के कारण विक्रय हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र श्रीमान नजूल अधिकारी सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत करने से जांच कार्यवाही हेतु प्राप्त हुआ है। इस पर जिस किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 12.04. 2023 को स्वतः अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेंगा। आज दिनांक 29.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार,
सूरजपुर

## हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो, फोटो अपलोड करने वालों पर कार्रवाई

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** रायपुर पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल इंस्टाग्राम–फेसबुक में चाकू, पिस्टलनुमा लाईटर, एयरगन और अन्य हथियारों के साथ विडियो, फोटो और रिल्स बनाकर अपनी आईडी में पोस्ट करने वालों पर नजर रखे हुए है। इनके नाम भी बड़े अजीब हैं। किसी का प्रोफाइल नाम रायपुर का डॉन, किंग, फाईटर किंग, तो किसी के नाम राजा माफिया, सी जी किंग रायपुर गैंगस्टर, रायपुर गैंगस्टर ब्वॉय जैसे अन्य कई नामों से प्रोफाईल आईडी बना रखी है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की साईबर विंग की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल की टीम ने ऐसी आईडी पर लगातार निगरानी रखते हुए ऐसी प्रोफाईल आईडी वाले अपराधिक तत्वों, बदमाशों एवं अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया। आईडी धारकों को चिन्हांकित कर उनकी पतासाजी की गई, उन्हें पकड़कर घातक हथियार, चाकू, पिस्टलनुमा लाईटर व एयरगन सहित अन्य हथियारों के साथ विडियो, फोटो और रिल्स नहीं बनाने की समझाईश दी गई। जिस पर उन्होंने स्वयं का माफीनामा विडियों बनाकर अपनी प्रोफाईल आईडी में प्रसारित किया। ऐसी विडियों, फोटो व रिल्स बनाकर प्रसारित करने वाले कुछ व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई तथा नाबालिगों के परिजनों को बुलाकर समझाईश देकर छोड़ा गया। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की साईबर विंग की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल की टीम द्वारा सोशल मीडिया के समस्त प्लेटफॉर्मों पर प्रोफाईल आई.डी. बनाते हुए ऐसे विडियों, फोटो एवं रिल्स बनाकर प्रसारित करने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। ऐसे विडियों, फोटो एवं रिल्स बनाकर सोशल मीडिया में प्रसारित करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## रेत माफिया को खत्म करने की जगह कांग्रेस के नेता खुद कर रहे अवैध रेत परिवहन:आप

**ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों का ट्रांसफर कर सजा दे रही सरकार : कोमल हुपेंडी**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने भूपेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में अवैध खनन कब थमेगा। पहले भाजपा के शासन में यही हुआ, अब कांग्रेस के शासन में और खुले तौर पर दबंगई से अवैध खनन चल रहा है। इसका ताजा मामला तो आश्चर्य करने वाला है। कसडोल विधायक द्वारा तहसील ऑफिस पहुंच ट्रांसफर करने की धमकी देते हुए ट्रांसफर करवा देना और अधिकारी के साथ किए गए दुर्व्यवहार से आम जन आश्चर्य चकित है। इसी संदर्भ में छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के अंतर्गत आने वाले तहसीलदार और नायब तहसीलदार सोमवार को बालोद कलेक्टर कुलदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कसडोल विधायक शकुंतला साहू के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी कर चुके है। विधायक पर धमकी देने का आरोप लगाए गए हैं। जिस पर संघ द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है। विधायक पर कार्यवाही की मांग के साथ अपनी अन्य मांगों को लेकर तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने 19 अप्रैल से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। कोमल हुपेंडी ने कहा कि उन्हें मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली की तहसीलदार पलारी निलमणी दुबे, डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा एवं राजस्व निरीक्षक प्रीतम चंद्राकर ने 29 मार्च को अवैध रेत परिवहन करते हुए एक हाईवा पर छ.ग. गौण खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की थी। इसके एक घंटे पश्चात विधायक कसडोल शकुंतला साहू द्वारा तहसील ऑफीस पहुचकर ट्रांसफर कराने की धमकी दी और व्र्यवहार किया। अवैध रेत परिवहन पर विधिवत की गई कार्यवाही को भी रोकने का दबाव बनाया गया एवं अवैध माईनिंग को संरक्षण देते हुए 3 घंटे के भीतर तहसीलदार पलारी का स्थानांतरण आदेश राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर संलग्न किया गया जो अनुचित एवं एकपक्षीय कार्यवाही है। इससे कानून का उल्लंघन कर अवैध माईनिंग करने वालों का हौसला और बढ़ा रहा है। जो कांग्रेस सरकार अवैध रेत माफिया खनिज माफियाओं पर कार्यवाही की बात करती है आज उनके ही विधायक के निजी हाइवा से अवैध रेत परिवहन किया जा रहा है। साथ ही अन्य जिले में अवैध खनिज माफियाओं को पूर्ण रूप से संरक्षण मिलना भी कांग्रेस सरकार का सहयोग किया जाना नजर आता है। कोमल हुपेंडी ने अंत में कहा कि ये मात्र एक मामला है जो प्रकाश में आया है कोई भी अधिकारी अपनी नियत साफ रख ईमानदारी से अपने कार्य को करता है तो उसके साथ दुर्व्यवहार होना,धमकी मिलना ,ट्रांसफर होना कांग्रेस की सत्ता में आम बात हो चुकी है,जिससे ईमानदार अधिकारियों का मनोबल कमजोर होते जा रहा है,आम आदमी पार्टी सभी ईमानदार साफ नियत वाले अधिकारियों के साथ है और उनके समर्थन में हमेशा साथ खड़ी है,उनकी न्यायपूर्ण लड़ाई में आम आदमी पार्टी पूर्ण रूप से समर्थन करती है। आम आदमी पार्टी अवैध कार्य करने वाले माफियाओं को कांग्रेस संरक्षण बिल्कुल बर्दास्त नही करेगी किंतु खुद कांग्रेस के विधायक ने ऐसा किया यह निंदनीय है,साथ ही ईमानदारी से अपने ड्यूटी निभाते अधिकारी को धमकी देते हुए ट्रांसफर करवाना कांग्रेस सरकार की नाकामी और भ्रष्ट शासन को सत्यापित करता है। ईमानदार अधिकारी को न्याय मिले व कसडोल विधायक शकुंतला साहू के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए,ताकि ईमानदार अधिकारी का मनोबल अपने कार्य के प्रति पूर्ण रूप से सुदृढ़ रहे। हमारा मुख्यमंत्री से एक सवाल है कि ये अवैध कार्य करने वाले खनिज माफियाओं की लूट छत्तीसगढ़ में और कब तक? अब आपके शासन के भी चार साल हो गए इस तरह के मामले को लेकर विपक्ष भाजपा भी मौन धारण किए हुए है। ऐसा प्रतीत होता है भाजपा और कांग्रेस दोनों मिली जुली सरकार चला रहे है। ईमानदार अधिकारी के लिए न्याय की मांग न करना व सत्ताधारी सरकार से सवाल ना पूछना मिली जुली नियत को दर्शाता है।

## महावीर जन्मोत्सव पर सकल जैन समाज ने निकाली विशाल शोभायात्रा






छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर महावीर जन्मकल्याण महोत्सव समिति सकल जैन समाज ने श्रीजी की विमान यात्रा (शोभायात्रा) निकाली। दिगम्बर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट (बड़े मंदिर) के अध्यक्ष संजय जैन (नायक) ने बताया की महावीर जन्म उत्सव हर वर्ष की तरह पूरे माह भर विभिन्न धार्मिक संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर बड़े धूम धाम सें मनाया जाता है। सुबह रायपुर के विभिन्न जगहों सें प्रभातफेरी महावीर प्रसादी (भंडारा) एवं बच्चो महिलाओ सभी वर्गों के सांस्कृतिक धार्मिक सामाजिक आयोजन शामिल रहते है। इसी क्रम मे मंगलवार को महावीर जयंती के दिन सकल जैन समाज की शोभायात्रा सुबह 7.30 बजे दिगम्बर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड सें प्रारम्भ होकर धार्मिक धुनो पर बाजे गाजे के साथ कोतवाली चौक, सदर बाजार, सत्ती बाजार, तात्यापारा चौक होते हुए बढ़ई पारा, रामसागर पारा, राठौड़ चौक, गुरुनानक चौक होते हुए एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी मे समाप्त हुई। शोभायात्रा में सकल जैन समाज के सभी नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया सभी पारम्परिक वेश भूषा मे उपस्थित थे। तत्पश्चात सकल जैन समाज के वात्सल्य भोजन की व्यवस्था महावीर जन्म कल्याण समिति सकल जैन समाज द्वारा जैन दादाबाड़ी मे रखी गयी थी।

## गुमशुदगी की तलाश



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** श्रीमती चन्द्रमणी राजवाड़े पति राजेष कुमार राजवाड़े उम्र 22 वर्ष पता ग्राम तिलसिवां थाना एवं जिला सूरजपुर का निवासी है, जो 06 मार्च 2023 को शाम करीब 04:00 बजे अपने घर से बिना बतायें कहीं चली गई हैं जो आज दिनांक तक अपने घर वापस नहीं आया है। जिसका हुलिया रंग सांवली, उंचाई 05 फीट, चेहरा लम्बा, बाल काला, शरीर इकहरा बदन, जिसकी बोली हिन्दी, सरगुजिहा है। पहनावा लाल रंग की साड़ी एवं ब्लाउज पहनी, बाएं हाथ में सीआर लिखा है। कक्षा 12 वीं तक पढ़ी है। आस पड़ोस एवं रिश्तेदारी में तलाश किया गया, लेकिन उसका काई पता नहीं चला है।

सूचक की रिपोर्ट पर सूरजपुर थाना में गुम इंसान कायम कर पतासाजी में लिया गया है। संबंधित की जानकारी मिलने पर आप अपने अधिकार क्षेत्रांतर्गत में पतासाजी करें। जानकारी मिलने पर थाना सूरजपुर, पुलिस नियंत्रण कक्ष सूरजपुर या पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर को क्रमश: 9479193910, 9479193925, 07775-266501, 07775-266579 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सूचित करें।

# प्रशिक्षण पश्चात ही बंदूक लायसेंस हेतु मिलेगी स्वीकृति

**0 एसपी ने लिया पुलिस लाईन में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा**

**0 बोले-हथियार लेने से पहले आवश्यक है बेसिक जानकारी**



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** इन दिनों जिले में बंदूक लाइसेंस लेने के लिए होड़ सी मची हुई है। किसी ने जान को खतरा बताकर, तो किसी ने हमला होने की आशंका को आधार बनाकर लाइसेंसी हथियार लेने के लिए आवेदन किया है। परंतु उन्हें हथियार चलाना और उसके रखरखाव संबंधी जानकारी ही नहीं है।

इस कारण हथियार इस्तेमाल करते समय गलती होने की आशंका बनी रहती है। इससे दूसरों को नुकसान हो सकता है। इसके चलते अब लाइसेंसी हथियार की मांग करने वालों को पुलिस से ट्रेनिंग लेना होगा। इसके बाद ही हथियार का लाइसेंस स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही संभव हो सकेगी। शासन व पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद ट्रेनिंग को आवश्यक कर दिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा शस्त्र लायसेंस स्वीकृति हेतु आवेदन करने वाले व्यक्तियों का हथियार चलाने व बंदूक को सावधानी से कैसे रखा जा सकता है उसका प्रशिक्षण यहां पुलिस लाईन में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में 4 लोगों को बंदूक के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने रक्षित केन्द्र में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लायसेंस स्वीकृति के लिए प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि शस्त्र लायसेंस लेने से पहले उसके बारे में बेसिक जानकारी, खोलना, जोड़ना, साफ-सफाई कैसे की जाती है इसकी जानकारी होना बेहद आवश्यक है। शस्त्र को लावारिश हालत में नहीं छोड़ने तथा शस्त्र की सुरक्षा एवं बरते जाने वाले सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शस्त्र का लायसेंस मिलने के बाद शस्त्र का दुरूपयोग ना हो, शस्त्र आपकी आत्मरक्षा के लिए है। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों से शस्त्र को खोल-जोड़ कराकर भी देखा। इस दौरान डीएसपी लाईन इम्मानुएल लकड़ा, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, आरमोरर कमल धीवर सहित प्रशिक्षणार्थीगण मौजूद रहे।

**7 दिन होगा प्रशिक्षण**

लाइसेंसी हथियार के लिए आवेदन करने के बाद आवेदक को पुलिस लाइन सूरजपुर में हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 7 दिन का रहेगा। इसके लिए 4 हजार रुपए का शुल्क लगेगा। प्रशिक्षण में फायरिंग करना, बंदूक को रखने का तरीका, राउंड लोड करना, ट्रिगर की पोजीशन, टारगेट केपीसिटी आदि के संबंध में जानकारी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पहले ऐसा नहीं होता था। आवेदन करने वाले के नाम-पते की सत्यता की जांच की जाती थी। इसके बाद लाइसेंस दे दिया जाता था। किन्तु अब शस्त्र लायसेंस की स्वीकृति हेतु आवेदन करने वालों को पुलिस से प्रशिक्षण लेना होगा।

# राहूल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से घबराई मोदी सरकार



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राहूल गांधी को केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा रंजिशवश षड्यंत्र के तहत लोकसभा की सदस्यता से पृथक करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे पर किया जाना दुभाग्यपूर्ण है। जहां लोकत्रत की आत्मा विपक्ष को माना जाता है। वही केन्द्र की भाजपा सरकार विपक्ष को झूठे प्रकरणों मे फंसा कर दमन करने कि निति चला रही है, जिससे देश ही नहीं विदेशों में भी मोदी सरकार का घिनौना चेहरा उजागर हुआ, जिससे देश कि छवि खराब हुई है। राहूल की भारत जोड़ा यात्रा की सफलता से घबराई हुई मोदी सरकार के द्वारा बौखलाहट में किया गया यह कार्य निन्दनीय है, जबकि वही केन्द्र मे बगैर किसी पद के भाजपा नेता पूर्व सांसद लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, गुलाम नबी आजाद एवं अन्यो के बंगले नही खाली कराऐ गए जो पक्ष्यात पूर्ण कार्यवाही है।पिछडा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र साहू द्वारा रायपुर राजीव भवन मे आयोजित पिछड़ा वर्ग के प्रदेश स्तरीय बैठक मे मंच से सम्बोधित किया तथा भाजपा सरकार को आडे हाथ लेते हुए भ्रष्टचार को बढ़ावा देने वाली पार्टी निरूपित किया। इन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के द्वारा बेरोजगारो को 2500 रूपए मासिक भत्ता देने का निर्णय लिया जाना व किसानों को एक एकड मे 20 किवंटल धान खरीदी करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिससे किसानो मे हर्ष व्याप्त है, वहीं जन कल्याणकारी योजनाओ के क्रियान्वयन पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है।

# एसपी ने पुलिस लाईन में मेस प्रारंभ कराने अधिकारियों को दिए निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस लाईन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक भवन का जायजा लिया और वहां अराजपत्रित अधिकारियों एएसआई से निरीक्षक के लिए मेस एवं रूकवाने की व्यवस्था को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई। पुलिस अधीक्षक ने रक्षित निरीक्षक को भवन की साफ-सफाई के साथ ही जरूरी मरम्मत व सुविधाओं को दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए। इस व्यवस्था के प्रारंभ हो जाने से जिले सहित बाहर से आने वाले एएसआई व निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों को बेहतर मेस व रूकने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस दौरान डीएसपी लाईन इम्मानुएल लकड़ा, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे मौजूद रहे।



# बदहाल सड़क को बनवाने मोटर साइकिल से कलेक्टोरेट पहुंचे विधायक धरमलाल

**बिलासपुर। एजेंसी।** सड़कों की बदहाली का मामला एक बार फिर उछलने लगा है। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विधायक व पूर्व विधानसभाध्यक्ष धरमलाल कौशिक मंगलवार को ग्रामीणों के साथ मोटर साइकिल में सवार होकर कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर सौरभ कुमार से मिलकर नगर पंचायत बोदरी के वार्ड क्रमांक 10 ढडहा के खराब सड़क को वनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने कलेक्टर से कहा कि अगर जल्द सड़क नहीं बनी तो विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

नगर पंचायत बोदरी के वार्ड 10 डढहा पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर है जिसका काफी समय से निर्माण कराए जाने की मांग वार्डवासी करते आ रहे हैं। बीते वर्ष विधायक व पूर्व विधानसभाध्यक्ष धरमलाल कौशिक द्वारा वार्षिक बजट मे शामिल कराए जाने के बाद भी प्रशासकीय स्वीकृति नहीं दी गई। इस वर्ष बजट में सड़क मार्ग को नहीं लिया गया। वार्डवासियों की मांग पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के साथ सभी वार्डवासी बडी संख्या मे कलेक्टर सौरभ कुमार मिलने के लिए मोटर साइकिल




से पहुंचे। कलेक्टर सौरभ कुमार से मिलकर विधायक कौशिक ने नगपुरा से डढहा जिसकी लंबाई तीन किलोमीटर सडक मार्ग बनाने हेतु विभाग से राशि जारी करने मांग की। जिस पर कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा विभाग के संबधित अधिकारी से बात कर वर्षा ऋृतु से पूर्व सडक बनाने का आश्वासन दिया। विधायक धमरलाल कौशिक के साथ बडी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे। दरअसल बोदरी नगर पंचायत के नगपुरा से डढहा तक लगभग तीन किलोमीटर की सडक बहुत जर्जर है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते 15 सालों से गांव की सडकें बहुत ज्यादा जर्जर हो चुकी हैं, जिसकी वजह से ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। स्कूल आने-जाने के दौरान बच्चे और अस्पताल ले जाते वक्त गर्भवती महिलाएं कई बार सडक हादसे का शिकार हो जाती हैं, जबकि इससे पहले भी ग्रामीणों ने सडक बनवाने को लेकर कलेक्टर से शिकायत की थी। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा कि आने वाले समय में मांग पूरी नहीं की गई, तो चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि पिछले बजट में इस सडक की मरम्मत को जोड;ा गया था, लेकिन उसकी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली।

## बोरी में भरकर बच्चा ले जा रहा कबाड़ी की हुई जमकर पिटाई

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** दीपका थाना अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग के पास धनवंतरी मेडिकल के बगल में लोगों की भीड़ ने एक युवक को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी और कहा कि यह बच्चा चोर है और उसे फि्र बिजली के पोल में रस्सी से बांध दिया पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई मौके पर पुलिस और डॉक्टर एच पी कवर एक साथ पहुंचे।

बता दे कि ज्यादा मारपीट के कारण आरोपी राम कुमार प्रजापति बेहोश हो गया था जो पेशे से कबाड़ी का काम करता है और आज वह नशे में भी था जिसे पुलिस ने लोगों की भीड़ से छुड़वाया और डॉक्टरी मुलायजा करवाया। शांति नगर दीपका की रहने वाली महिला प्रीति झा ने बताया कि उसकी छोटी सी बेटी को रामकुमार प्रजापति बोरी में भरकर ले जा रहा था जिसे लोगों ने पकड़कर जमकर धुनाई कर दी, वहीं कुछ मोहल्ले वासियों ने बताया कि आरोपी दारू के नशे में है और कबाड़ी का काम करता है और पोनी पसारी के नीचे रोज रात को सोता है इसका मूलत: घर रतनपुर का है।

# बाड़ी में किसान ने उगा रखा था गांजा, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर। एजेंसी।** सीपत पुलिस ने फरहदा में रहने वाले किसान के बाड़ी से 14 नग गांजा के पौधे जब्त किए हैं। आरोपित किसान के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं, जांजगीर-चांपा जिले के दो लोगों को महुआ शराब परिवहन करते पकड़ा गया है। इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

सीपत पुलिस को सूचना मिली कि फरहदा में रहने वाले रामफल केंवट(47) ने अपनी बाड़ी में गांजा उगा रखा है। इस पर थाना प्रभारी हरीशचंद्र टांडेकर ने जवानों को मौके पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जवानों ने गांव में दबिश देकर किसान रामफल को हिरासत में ले लिया। गांव वालों की मौजूदगी में पुलिस की टीम उसके बाड़ी में पहुंची।



बाड़ी में तलाशी के दौरान 14 नग गांजा के पौधे मिले। इसे जब्त कर आरोपित किसान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं, पुलिस की टीम ने जांजगीर-चांपा जिले के दो लोगों को महुआ शराब परिवहन करते गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम धौराकोना में दो लोग महुआ शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे है। इस पर जवानों ने गांव में दबिश देकर जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा थाना अंतर्गत पनोरापारा निवासी रमेश कुमार यादव(32) व लतेलू राम यादव(47) को पकड़ लिया। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब जब्त की है। आरोपित ग्रामीण के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सेवानिवृति पर प्रधान पाठक को दी गई भावभीनी विदाई

**होटल आदित्य में हुआ आयोजन**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के विकास खंड रामानुजनगर के प्राथमिक शाला लब्जी में सेवारत प्रधानपाठक सह संकुल केंद्र छिंदीया के जनशिक्षक राधेश्याम शर्मा की सेवानिवृति पर सूरजपुर स्थित होटल आदित्य में सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, जिपं उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, जिला शिक्षा अधिकारी रामललित पटेल, एसडीएम रामानुजनगर उत्तम प्रसाद रजक, दीपक गुप्ता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामानुजनगर,अनिल बारी जिला कोषालय अधिकारी, संजय कुमार राय सी ई रामानुजनगर, पंडित भारद्वाज विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामानुजनगर की गरिमामय उपस्थिति में राधेश्याम शर्मा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पश्चात सेवानिवृत्त पर सम्मान पत्र,पी पी ओ पत्र, पुष्प गुच्छ, शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन पंडित भारद्वाज बी ई ओ के द्वारा राधेश्याम शर्मा के शिक्षकीय सेवा पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि श्री शर्मा, कर्तव्यनिष्ठ, समय के पाबन्द ,अनुशासित रहते हुये शिक्षक, प्रधानपाठक, ए बी ई ओ तथा जनशिक्षक के कार्य पूरे ईमानदारी से संपादित किये। जिपं सीईओ सुश्री लीना कोसम ने श्री शर्मा के मंगलमय भविष्य की कामना की। जिपं उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े ने उनके व्यक्तित्व जीवन पर प्रकाश डालते हुये करते हुए कहा कि श्री शर्मा आनेवाले दिन अब स्वतंत्र होकर परिवार के साथ सुखद जीवन व्यतीत करते हुए समाज सेवा करते रहेंगे।सम्मान समारोह को दीपक गुप्ता, उत्तम प्रसाद रजक ने भी सम्बोधित करते हुए राधेश्याम शर्मा के स्वस्थ ,सुखद एवम दीर्घायु जीवन की कामना किये।श्री शर्मा ने बताया कि वे जिस स्कूल प्राथमिक की पढ़ाई की आज उसी स्कूल से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने अपने दोनों उज्जवल भविष्य हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। डीईओ रामललित पटेल के द्वारा ऐसे भव्य आयोजन की सराहना बेटों को भी स्थानीय शासकीय स्कूल में पहली से बारहवीं तक की शिक्षा दिलाया और आज दोनों बच्चे सफलता प्राप्त किये।कार्यक्रम में उनकी अर्धांगनी श्रीमती गिरिजा शर्मा, पुत्र-पुत्रबधु राकेश शर्मा - उपासना शर्मा ,अभिषेक-किरण पौत्री चमचम सभी गणमान्य लोगों के साथ केक काटकर खुशी मनाया। सम्मान व विदाई समारोह कार्यक्रम में अभिनव पहल करते हुये वितीय सत्र 2022 -23 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों राजाराम सिंह, काशीराम शांडिल्य, विष्णुप्रसाद प्रजापति, चंद्रभूषण कुशवाहा, गोरखनाथ,श्रीमती मारिया गोरती कुजूर को भी अतिथियों के द्वारा सम्मानपत्र,शाल, श्रीफल एवम पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर एबीईओ मनोज साहू, बीआरपी घनश्याम दुबे, बीपीओ रविनाथ तिवारी, उत्तम सिंह,लुकेश्वर सिंह ,विनय चौरसिया,विकास खंड के सभी जनशिक्षक,कार्यालयीन समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम पश्चात सभी लोग सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में स्नेह भोज किये।

पी सी सोनी संकुल प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक उपाध्याय मंडल संयोजक के द्वारा किया गया।






सरगुजा फ्रंटलाइन

# बूथ सशक्तिकरण अभियान पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम: ज्योतिनन्द दुबे

## भाजपा स्थापना दिवस पर 06 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भाजपा अंबिकापुर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी तथा शक्ति केंद्र प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला प्रभारी ज्योति नन्द दुबे के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता तथा भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज, भाजपा वरिष्ठ नेता त्रिलोक कपूर कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे की उपस्थिति में हुई।

इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे ने मंडलवार कार्यक्रम का वृत्त लिया तथा संपन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी छह अप्रैल को भाजपा की स्थापना दिवस कार्यक्रम से लेकर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक संपन्न किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा करते हुए विस्तार से जानकारी दी। भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान पार्टी का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इस अभियान को पूरा समय देकर समय सीमा में पूरा करना है। आगे उन्होंने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। लगभग छह महीने बाद हमें चुनाव में जाना है। अंतिम लड़ाई बूथ में ही लड़ी जानी है, इसलिए हमारा बूथ हर दृष्टि से मजबूत होना चाहिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सबकी मेहनत, समर्पण से बूथ की हर लड़ाई हम जीतेंगे, सरगुजा में फिर से कमल खिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह हमें सेवा, स्वच्छता तथा विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करके मनाना है। सरगुजा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संगठन के निर्देश पर आयोजित सभी कार्यक्रमों को पूरे समर्पण व उत्साह के साथ संपन्न किया है, सभी कार्यकर्ता आगे भी चुनावी वर्ष के लिए कमर कसकर तैयार हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने व आभार प्रदर्शन अंबिकापुर नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल, मंजूषा भगत, मधु चौदहा, विकास पांडेय, संतोष दास, रुपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, अजय प्रताप सिंह, रमेश जायसवाल, गोपाल सिन्हा, विश्व विजय सिंह तोमर, अनिल सिंह, रामकेश्वर राजवाड़े, दिनेश साहू, विरेन्द्र बघेल, संजीव वर्मा, रामप्रवेश पांडेय, सर्वेश तिवारी, शरद सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छह चोरियों में शामिल विधि से संघर्षरत बालक गिरफ्तार

### चोरी में प्रयुक्त औजार व चोरी का सामान बरामद




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मणिपुर थाना पुलिस को क्षेत्र में हुई 06 चोरियों के मामले का पर्दाफास करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने शातिर एवं आदतन विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है, जो बाल संप्रेक्षण गृह से छूटने के बाद पुन: चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो लोहे का राड, एक मोबाइल, तीन घड़ी, दूरबीन, दो हजार रुपये नगद एवं अन्य चोरी का सामान बरामद किया है।

मणिपुर थाना क्षेत्र में लगातार छह घरों में चोरी, चोरी का प्रयास करने की घटनाओं की सूचना पर मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने विशेष टीम का गठन कर आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी के दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक प्रमोद पांडेय एवं विशेष पुलिस टीम अज्ञात आरोपियों के तलाश में जुटी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम से फुटेज प्राप्त किया और क्षेत्र में मुखबिर तैनात किए थे। पुलिस टीम ने इसके बाद चोरी की घटना के प्रमुख संदेही को पकड़ा और पूछताछ की तो विधि से संघर्षरत बालक ने विष्णु सिंह देव के निवास सहित अन्य 04 घरों में लगातार चोरी, चोरी का प्रयास करने की वारदात करना स्वीकार किया। विधि से संघर्षरत बालक से चोरी गए माल, मशरूका के संबंध में पूछताछ करने पर दो हजार रुपये नगद रखने की जानकारी दी। बाकी रकम को खाने पीने में खर्च करना बताया। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा है। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे के राड सहित अन्य चोरी का सामान बरामद करना स्वीकार किया। विधि से संघर्षरत बालक शातिर किस्म का आदतन बदमाश है, जो पूर्व में भी चोरी के प्रकरण में संलिप्त रहा है। मणिपुर पुलिस ने उसका पहले भी चालान किया है। जनवरी माह में बाल संप्रेक्षण गृह से छूटने के बाद वह मणिपुर थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पांडेय के साथ सहायक उप निरीक्षक विवेक पांडेय, ललन गुप्ता, प्रधान आरक्षक विपिन तिवारी, सतीश सिंह, आरक्षक सतेंद्र दुबे, संजीव चौबे, बृजेश राय, अतुल शर्मा, इम्तियाज खान, विकास सिंह, राहुल सिंह सहित अन्य पुलिस स्टाफ शामिल रहे।

## कमिश्नर डॉ.अलंग आज करेंगे एसड़ीएम व तहसील कार्यालय का निरीक्षण



**अंबिकापुर।** कमिश्नर डॉ.संजय कुमार अलंग पांच अप्रैल को प्रात: 11 बजे से एसडीएम व तहसील कार्यालय अंबिकापुर का निरीक्षण करेंगे। दोनों कार्यालयों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, ई-कोर्ट सहित कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। निरीक्षण के पश्चात डॉ.अलंग दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग के काम-काज की समीक्षा करेंगे। समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी निर्देश देंगे।

## बलरामपुर जिले के प्रत्येक विस से 5000 पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री को भेजने का लक्ष्य

### युकां जिलाध्यक्ष ने जय भारत सत्याग्रह अभियान को लेकर की पत्रकारों से चर्चा

**छ.ग.फ्रंटलाइन कुसमी।** प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार छग के प्रत्येक जिलों में जय भारत सत्याग्रह अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत बलरामपुर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बृजेश यादव ने मंगलवार को शंकरगढ़ के विश्रामगृह में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने पोस्टकार्ड लांच किया। पोस्टकार्ड में प्रधानमंत्री से पूछे जाने वाले तीन महत्वपूर्ण सवाल में पहला अडानी ने अब तक बीजेपी को कितना करोड़ का फंड दिया है. दूसरा आपके अधिकारिक विदेश दौरे के बाद अडानी को कितने ठेके मिले, तीसरा वह सूत्र बताएं जिनकी बदौलत आपका प्रिय मित्र दुनिया में 609 वें स्थान से आठ वर्षों में दूसरा सबसे धनी व्यक्ति बना। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश यादव ने आगे कहा कि संसद में अडानी के बारे में राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जाता है, उन्हें बोलने से रोक दिया जाता है। इसी डर से उनकी संसद से सदस्यता खत्म केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने करा दी, यह लोकतंत्र की हत्या है। मोदी सरकार के द्वारा सच्चाई को दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन देश की जनता सब देख रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इसका जवाब जरूर देगी। सदस्यता रद्द करने के मामले को लेकर युवा कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। अभियान के तहत एक लाख से अधिक पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ से भेजा जाएगा। बलरामपुर जिले से युवा कांग्रेस के द्वारा प्रत्येक विधानसभा से पांच हजार पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रेस वार्ता दौरान युवा कांग्रेस सामरी विधानसभा के अध्यक्ष दीपक बुनकर, एनसयूआई के जिला महासचिव आशीष यादव, राजकुमार भगत, हरिहर यादव, पिंटू यादव सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## जनशिक्षक का सफर तय करते सेवानिवृत्त हुए राधेश्याम को दी विदाई

### अधिकारियों ने की उज्जवल भविष्य की कामना




**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर के प्राथमिक शाला लब्जी अंतर्गत प्रधानपाठक सह संकुल केंद्र छिंदिया के जनशिक्षक राधेश्याम शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर सूरजपुर के होटल आदित्य सम्मान व विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत होने पर उन्हें सम्मान पत्र, पीपीओ पत्र, पुष्प गुच्छ, शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। स्वागत उद्बोधन में पं.भारद्वाज बीईओ ने राधेश्याम शर्मा के शिक्षकीय सेवा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा श्री शर्मा कर्तव्यनिष्ठ, समय के पाबंद, अनुशासित शिक्षक, प्रधानपाठक, एबीईओ तथा जनशिक्षक का कार्य पूरे ईमानदारी से संपादित किए। लीना कोसम सीईओ, जिला पंचायत सूरजपुर ने राधेश्याम शर्मा के विदाई समारोह के अवसर पर इनके मंगलमय भविष्य की कामना की। नरेश राजवाड़े उपाध्यक्ष जिला पंचायत सूरजपुर ने श्री शर्मा के व्यक्तित्व जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। रामललित पटेल जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने कहा कि राधेश्याम शर्मा आनेवाले दिनों में अब स्वतंत्र होकर परिवार के साथ सुखद जीवन व्यतीत करते हुए समाज सेवा करते रहेंगे। सम्मान समारोह को दीपक गुप्ता उपाध्यक्ष रामानुजनगर, उत्तम प्रसाद रजक एसडीएम रामानुजनगर ने भी संबोधित किया और उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। राधेश्याम शर्मा ने बताया कि वे जिस स्कूल में प्राथमिक पढ़ाई किए आज उसी स्कूल से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वे अपने दोनों बेटों को शासकीय स्कूल में पहली से 12वीं तक की शिक्षा दिलाए और दोनों बच्चे सफलता प्राप्त किए। कार्यक्रम में अनिल बारी जिला कोषालय अधिकारी सूरजपुर, संजय कुमार राय सीईओ रामानुजनगर के अलावा राधेश्याम शर्मा की अर्धांगनी गिरिजा शर्मा, पुत्र-पुत्रवधु राकेश शर्मा व उपासना शर्मा, अभिषेक-किरण, पौत्री चमचम सहित सभी गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

### वित्तीय वर्ष में सेवानिवृत्त अन्य शिक्षकों का सम्मान

इस मौके पर अभिनव पहल करते हुए वित्तीय सत्र 2022-23 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक राजाराम सिंह, काशीराम शांडिल्य, विष्णु प्रसाद प्रजापति, चंद्रभूषण कुशवाहा, गोरखनाथ, मारिया गोरती कुजूर को भी अतिथियों के द्वारा सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एबीईओ मनोज साहू, बीआरपी घनश्याम दुबे, बीपीओ रविनाथ तिवारी, उत्तम सिंह, लुकेश्वर सिंह, विनय चौरसिया, विकास खंड के सभी जनशिक्षक, कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में डिनर का आयोजन किया गया। पीसी सोनी संकुल प्राचार्य ने आभार प्रदर्शन व संचालन अशोक उपाध्याय मंडल संयोजक ने किया।

## अंबिकापुर से अयोध्या के लिए महेंद्रा बस सेवा शुरू



**अंबिकापुर।** लंबी प्रतीक्षा के बाद अंबिकापुर से अयोध्या के लिए बस सेवा प्रारंभ की गई है। दो अप्रैल को शाम सात बजे स्लीपर कोच 2/1 एसी सस्पेंशन महेंद्रा बस का सीतापुर औघड़ आश्रम के रशित बाबा के द्वारा विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इसके बाद बस अंबिकापुर से अयोध्या के लिए रवाना हुई।

महेंद्रा बस के संचालक आलोक त्रिपाठी व संजीव त्रिपाठी ने बताया कि अंबिकापुर से बस व्हाया रेणुकूट, राबर्ट्सगंज, मिर्जापुर, भदौही जौनपुर, शाहगंज, अकबरपुर होते अयोध्या पहुंचेगी। अंबिकापुर से बस छूट का समय शाम सात बजे है। यह बस सुबह सात बजे अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या से अंबिकापुर वापसी के लिए शाम पांच बजे रवाना होगी, जो अंबिकापुर सुबह पांच बजे पहुंचेगी। 30 सीटर इस बस में लोग आराम के साथ सफर कर पाएंगे। अंबिकापुर से अयोध्या तक चलने वाली इस बस से सरगुजा के लोग मिर्जापुर स्थित विंध्यवासिनी माता के दर्शन का भी लाभ उठा पाएंगे।

## वेतन विसंगति दूर करने गुरूजी गुहार लगाते पहुंचे विधायक के द्वार



**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजनगर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ने अपनी एक सूत्रीय मांग, प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना व वेतन विसंगति दूर करने को लेकर क्षेत्रीय विधायक खेलसाय सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ने बताया कि फेडरेशन विगत 4 वर्षों से एक सूत्रीय मांग प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर वेतन विसंगति दूर करने को लेकर लड़ाई लड़ रहा है। गुरूजी के गुहार विधायक के द्वार, वेतन विसंगति पद यात्रा रैली के माध्यम से शिक्षक अंतिम बार विधायकों के द्वार जा रहे हैं। विधायकों से गुहार लगाया जा रहा है कि शिक्षकों की बात विधायक मुख्यमंत्री तक पहुंचाएं और वेतन विसंगति दूर कराएं। चुनाव पूर्व जन घोषणा पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया था। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सह सचिव शशि भूषण दुबे, मनोज टोप्पो, मोरध्वज चंद्रा, सचिदानंद दुबे, हीरा लाल आंडिल्य, उर्मिला सिंह, राधेश्याम सिंह, विवेक पैकरा उपस्थित रहे।

## हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर प्रभारी छह अप्रैल को रायपुर में करेंगे प्रदर्शन



**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर छत्तीसगढ़ के बैनर तले उनकी छह सूत्रीय मांगे हैं। इसे लेकर रायपुर के नेशनल हेल्थ मिशन कार्यालय का छह अप्रैल को घेराव करने की रणनीति बनाई गई है। बलरामपुर जिले से 51 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर प्रभारी रायपुर के लिए रवाना हो चुके हैं, जो उक्त तिथि को निर्धारित स्थान से नेशनल हेल्थ मिशन कार्यालय का घेराव में शामिल होंगे और मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे।

## भाजयुमो के मंडल महामंत्री का दायित्व विक्रम को



**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल रामानुजगंज की घोषित नवीन कार्यकारिणी में रामानुजगंज युवा मोर्चा मंडल महामंत्री का दायित्व पार्टी के सक्रिय युवा भाजपा नेता विक्रम गुप्ता को दिया गया है। विक्रम गुप्ता पूर्व में विद्यार्थी परिषद से नगर मंत्री, नगर के उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री जैसे दायित्व के रूप में काम किए, जिसकी वजह से पार्टी ने उनके ऊपर भरोसा जताते हुए पुन: भाजयुमो मंडल महामंत्री की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। विक्रम गुप्ता की पार्टी में सक्रिय भूमिका रही है। दायित्व मिलने के बाद विक्रम गुप्ता ने पार्टी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी पुन: दी है, उसका पूरी इमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य युवा मोर्चा के कार्यकर्ता करेंगे। भूपेश बघेल सरकार की विफलता से सभी को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा जो वादा करके छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी थी, उससे वह मुकर रही है, सिर्फ छल प्रपंच कर रही है, जिसे छत्तीसगढ़ के लोग समझ गए हैं। आने वाले समय में भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनना तय है। आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में रामानुजगंज विधानसभा में कमल खिलाने में युवा मोर्चा की अहम भूमिका होगी।

## विष्णु यज्ञ के समापन में टेका मत्था



**भटगांव।** सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत कटिंदा में चल रहे विष्णु यज्ञ के समापन समारोह में युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा सहित पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, भटगाव मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, महामंत्री रमेश गुप्ता, प्रदीप पैकरा, राममिलन पैकरा सहित कार्यकर्ताओं ने यज्ञ शाला में मत्था टेका, साथ ही गहिरा गुरू समाज के, सनातन धर्म की रक्षा करने वाले समाज प्रमुखों से मिलकर उनका हाल जाना। उन्होंने कहा हमारे सनातन धर्म की रक्षा के लिए सजग गहिरा गुरू समाज आने वाली पीढ़ी के लिए संस्कार और नई उर्जा प्रदान करता है। यज्ञ समापन समारोह में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग कांग्रेस की बैठक के बाद जिला अध्यक्ष ने कहा-33 प्रतिशत विधायकों का टिकट कटना तय



**छ.ग.फ्रंटलाइन प्रतापपुर।** शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम के निवास स्थल भोला भवन में जिला कांग्रेस कमेटी, पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक प्रदेश सचिव नवीन जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि अनिल गुप्ता सहित अन्य अतिथियों के आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने व अदानी मामले में जेपीसी गठित करने और आने वाले 2023 के चुनाव में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के बारे में चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष महेंद्र साहू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गलत तरीके से सांसद राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त की गई है। केंद्र की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई बेतहाशा बढ़ गई है। इतिहास में पहली बार खाद्य सामग्री पर जीएसटी लगाया गया है, जिसके चलते देश की जनता महंगाई की आग से जुलस रही है। इसके खिलाफ खिलाफ कांग्रेस लगातार विभिन्न माध्यमों से केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रही है। उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत गोठानों का कायाकल्प किया जा रहा है। गौठान समितियों को भी सक्रिय किया जा रहा है। शराबबंदी के सवाल पर कहा राज्य सरकार अपनी सभी घोषणा को पूरा करने की दिशा में काम कर रही है, कई वायदे पूरे भी हुए हैं। प्रदेश का हर वर्ग भूपेश बघेल के कामकाज से खुश है। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी और रिक्त पदों पर भर्ती के संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार पीएससी, शिक्षाकर्मी सहित विभिन्न विभागों में भर्ती कराई है, आगे भी रोजगार की दिशा में सरकार उचित कदम उठा रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महेंद्र साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनारायण गुप्ता, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संभागीय अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह टेकाम, विजय साहू, मनोज साहू, सोपारी लाल राजवाड़े, समरथ प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापपुर दिनेश गुप्ता, सुरेश चक्रधारी, रामकुमारी बाई, जनती यादव, बसंती देवांगन, अनिल गुप्ता, साजिद खान, लालमन यादव, अजय पटेल, संजय गुप्ता, कन्हैया देवांगन, संजय गुप्ता, विजय राजवाड़े, प्रेम चक्रधारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सौंदर्यीकरण के लिए विधायक ने की सहयोग की अपील

**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजनगर।** माजा मोड़ से ब्लाक मुख्यालय होते हुए पतरापाली राजापुर तक बनने वाली सड़क को लेकर विधायक खेलसाय सिंह की मौजूदगी में नगरवासियों व सभी राजनीतिक दलों की बैठक हुई। बैठक में ब्लॉक मुख्यालय सुभाष चौक से दोनों ओर दो-दो किलोमीटर सौंदर्यीकरण का काम कराया जाना है, जिसके लिए चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले दुकानों, मकानों को तोड़ने की आवश्यकता पड़ेगी। इसके सर्वे के लिए स्थानीयजनों तथा जनप्रतिनिधियों की 15 सदस्यीय टीम बनाई गई है। बैठक में एसडीएम उत्तम कुमार रजक व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। विधायक खेलसाय सिंह ने नगर के सौंदर्यीकरण के लिए आमजन से सहयोग की अपील की है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक- कमलेश मिश्रा